• जयपुर, सोमवार 2 नवंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 365 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

चमकता राजस्थान



जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में विपक्ष की रैली, राहुल बोले-लोकतंत्र और संविधान को खत्म नहीं होने देंगे

रामलीला मैदान में जुटे विपक्षी दलों के नेता, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और कार्रवाई की मांग

खड़गे, अखिलेश और तेजस्वी ने भी केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली के रामलीला मैदान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी दलों ने रविवार को बड़ी रैली आयोजित की। इसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव सहित विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल हुए। रैली में नेताओं ने मतदाता सूची में कथित गड़बडियों, मताधिकार में हस्तक्षेप और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा।





रैली को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल या नेताओं की आवाज नहीं, बल्कि देश के नागरिकों की आवाज है। यह आवाज कह रही है कि देश में लोकतंत्र को खत्म नहीं होने दिया जाएगा और संविधान को नष्ट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं के अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला किया जा रहा है।

राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अपने पद से हटना होगा और उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य चोरी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की आवाज की चोरी है। राहुल ने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार की भूमिका के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री नहीं बन सकते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में कथित गड़बडियों के जरिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित किया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ज्ञानेश कुमार ने देश की आत्मा, संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया है। राहुल ने अडाणी समूह का उल्लेख करते हुए भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि देश के संसाधनों को लेकर सरकार से जवाब मांगा जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह युवाओं तथा महिलाओं के मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के विरोध में विपक्षी दल एकजुट होकर यहां पहुंचे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपने एक करीबी को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर बैठाकर मतदाताओं के वोट काटने का काम करवा रहे हैं।

खड×गे ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को बचाने और छिपाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वे बच नहीं पाएंगे। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से विपक्ष को डराने का प्रयास करती है, लेकिन विपक्ष इन कोशिशों से डरने वाला नहीं है।

कांग्रेस की रामलीला मैदान रैली से दिल्ली के व्यापार पर संकट, 80 प्रतिशत कारोबार ठपः सीटीआई

नई दिल्ली/एजेंसी। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित कांग्रेस की रैली के कारण दिल्ली के व्यापार पर पड़ रहे असर के संबंध में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को एक और पत्र लिखा है। सीटीआई ने दिल्ली के बाजारों में खरीद के लेकर लोगों से राहुल गांधी की अपील का स्वागत किया। साथ ही, कहा कि जमीन पर स्थिति बिल्कुल विपरीत है। सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा, राहुल गांधी ने वीडियो संदेश जारी करके रैली में आने वाले लोगों से कहा है कि बाजारों में जाकर खरीददारी करें और व्यापारियों की मदद करें, लेकिन रैली के कारण इतना ज्यादा पैनिक फैल चुका है जिसके कारण रामलीला मैदान के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले बाजारों में लगभग 3 लाख दुकानों में से लगभग 2.5 लाख दुकानें (80 प्रतिशत) बंद रहने के आसार हैं। जब दुकानें ही बंद रहेंगी तो रैली में शामिल होने वाले खरीददारी करने कहां जाएंगे। बृजेश गोयल ने उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें उन्हें भाजपा का एजेंट बताया गया। सीटीआई चेयरमैन ने कहा, हमें भाजपा का एजेंट बताया जा रहा है। 100 बड़ी मार्केट एसोसिएशन्स ने आपसे रैली टालने की अपील की थी। ये सब किसी पार्टी के एजेंट नहीं हैं। ये दिल्ली के व्यापारी हैं। उनमें कश्मीरी गेट, मोरी गेट, जनपथ, चांदनी चौक, चावड़ी बाजार, खारी बावली, नया बाजार, सदर बाजार, अजमेरी गेट, दरियागंज, पहाड़गंज, कमला मार्केट, जामा मस्जिद, भागीरथ पैलेस, लाजपत राय मार्केट, किनारी बाजार, दरीबा कलां, बल्लीमारान, फतेहपुरी, तिलक बाजार, कनॉट प्लेस, पालिका बाजार और गफ्फार मार्केट शामिल हैं। सीटीआई ने बताया कि इन बाजारों में लगभग 3 लाख दुकानें हैं।

न्यूज अपडेट

कंटेनर की टक्कर से पुलिस की गाड़ी खाई में गिरी, असिस्टेंट पुलिस सब-इंस्पेक्टर और ड्राइवर की मौत

रत्नागिरि/एजेंसी। महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के लांजा तालुका में मुंबई-गोवा नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात अंजनारी पुल के पास एक भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में एक पुलिसकर्मी और ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। लोहे की छड़ें ले जा रहा एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक, हथखंबा हाईवे ट्रैफिक पुलिस यूनिट की सरकारी बोलेरो गाड़ी से पीछे से टकरा गया। टक्कर के बाद बोलेरो एक खड़ी ढलान से नीचे अंजनारी नदी की ओर लगभग 80 से 100 फीट नीचे जा गिरी और पलट गई। इस हादसे में असिस्टेंट पुलिस सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) संतोष अप्पासाहेब गायकवाड़ (51) और कंटेनर चालक की भी मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, हथखंबा ट्रैफिक पुलिस यूनिट की सरकारी गाड़ी अंजनारी पुल के नीचे नदी में एक वाहन के गिरने की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल की ओर जा रही थी।

पंजाब में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका, दो विधायकों ने छोड़ी पार्टी

चंडीगढ़/एजेंसी। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पटियाला जिले के सनौर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ समाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक और पूर्व मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने भी पार्टी छोड़ दी है। दोनों विधायकों के इस फैसले से प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

पिछले कई दिनों से हरमीत सिंह पठानमाजरा की पार्टी नेतृत्व से नाराजगी की खबरें सामने आ रही थीं। सरकार और उनके बीच टकराव की स्थिति पिछले साल सितंबर में खुलकर सामने आई थी। उस दौरान उन्होंने प्रदेश में बाढ़ की स्थिति और अपने विधानसभा क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सरकार तथा पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए थे।

अमित शाह का विपक्षी रैली पर हमला, बोले-

सिख विरोधी दंगों की बरसी पर आयोजन पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा

चंडीगढ़/एजेंसी।

● **चंडीगढ़ की जनसभा में कांग्रेस को घेरा, 1984 के दंगों का किया जिक्र; राहुल गांधी पर भी साधा निशाना, कहा- प्रधानमंत्री बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी गठबंधन की रैली को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। शनिवार, 1 नवंबर को चंडीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने रैली के आयोजन की तारीख पर सवाल उठाए। शाह ने कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दौरान रैली आयोजित करना उन दंगों के पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक



छिड×कने जैसा है। उन्होंने कांग्रेस को दिल्ली में सिखों की निर्मम हत्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उस समय हजारों सिखों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी और अनेक परिवारों को राजधानी छोड़कर पलायन करना पड़ा था। अमित शाह ने कहा कि एक, दो और तीन नवंबर की तारीखें 1984 के सिख विरोधी दंगों की याद दिलाती हैं। ऐसे संवेदनशील समय में विपक्षी गठबंधन द्वारा रैली आयोजित करना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने पहले ही पत्रकार वार्ता के माध्यम से विपक्षी दलों से इन तारीखों पर रैली नहीं करने का अनुरोध किया था। भाजपा ने कहा था कि इससे सिख समुदाय की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाएं आहत होंगी। इसके बावजूद विपक्षी दल अपने फैसले पर अड़े रहे। शाह ने जनसभा में कहा कि विपक्ष को ठीक उन्हीं तारीखों पर रैली आयोजित करने के निर्देश विदेश से दिए गए थे, जिन दिनों हजारों सिखों को जिंदा जला दिया गया था।

नितिन नवीन का राहुल गांधी पर निशाना,

कहा-जनता के मत से बनी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता

रोहतक/एजेंसी।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को हरियाणा के रोहतक में आयोजित लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पद यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, इस पदयात्रा में आपने जो एक-एक पग बढ़ाया है, वह देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए बढ़ाया है। आज हम लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, जनादेश के सम्मान के साथ पदयात्रा निकाल रहे हैं। लोग पूछते हैं कि दिल्ली से लेकर ज्यादातर राज्यों में आपकी सरकार है, तो लोकतंत्र बचाने की जरूरत क्यों पड़ी? जब ऐसा विपक्ष हो, जो जनादेश का अपमान करता हो, तब जनता के साथ सड़कों पर लोकतंत्र की आवाज बनकर उन्हें चुनौती देने का काम एनडीए का कार्यकर्ता करता है। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1984 में हमारे सिख भाइयों के साथ जो गंदा खेल खेला गया, जो कत्लेआम हुआ, कांग्रेस को उसका प्रायश्चित करना चाहिए था।

दिल्ली में आज से प्रदूषण पर ब्रेक : पुरानी गाडियों की नो-एंट्री

नई दिल्ली/एजेंसी।

पार्किंग शुल्क दोगुना और 50प्रतिशत वर्क फ्रॉम होम लागू

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता लगातार बिगडने और सर्दियों में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर तक पहुंचने की आशंका को देखते हुए आज यानी 1 नवंबर से कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। यह व्यापक कार्ययोजना आगामी 31 जनवरी और कुछ मामलों में 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। इन नए नियमों का सीधा प्रभाव सड×क पर निजी वाहन लेकर निकलने वालों, सरकारी व निजी दफ्तरों के कर्मचारियों और निर्माण क्षेत्र की गतिविधियों पर पड़ेगा। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर की फेलो प्रार्थना बोरा और एनवायरोकेटालिस्ट के विशेषज्ञ सुनील दहिया के अनुसार इन पाबंदियों से प्रदूषण स्तर में फौरी राहत तो मिलेगी, लेकिन समग्र असर के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ साझा तालमेल और निगरानी तंत्र को मजबूत करना अनिवार्य होगा।



गैर-बीएस 6 बाहरी गाडियों की दिल्ली में एंट्री बैन, सीएनजी-इलेक्ट्रिक को छूट

सड़क परिवहन से होने वाले कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण पाने के लिए दिल्ली के बाहर अन्य राज्यों में पंजीकृत बीएस-06 से नीचे के सभी डीजल और पेट्रोल वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। हालांकि, सीएनजी, इलेक्ट्रिक और आवश्यक सेवाओं में लगी आपातकालीन गाडियों को इस प्रतिबंध से पूरी तरह छूट दी गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस कड़े फैसले से 10 लाख से अधिक बाहरी गाडियां दिल्ली की सड़कों पर आने से रुकेंगी, जिससे ट्रैफिक जाम में भारी कमी आएगी और मौसमी परिस्थितियों के आधार पर वाहनों से होने वाले धुएं में 3 से 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। पर्यावरणविदों का सुझाव है कि एनसीआर के सीमावर्ती जिलों में भी ऐसे प्रतिबंध समानांतर रूप से लागू किए जाने चाहिए और पीयूसी सेंटरों की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए।

28 फरवरी तक निजी गाडियों का पार्किंग शुल्क दोगुना

निजी गाडियों के बजाय सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली के सभी अधिकृत पार्किंग स्थलों पर 1 नवंबर से 28 फरवरी तक निजी वाहनों का पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की आधिकारिक पार्किंगों को इस वृद्धि से बाहर रखा गया है। शुल्क दोगुना होने से 20 से 30 प्रतिशत वाहन चालकों के सार्वजनिक साधनों की ओर रुख करने की उम्मीद है, जिससे पार्किंग स्थलों के इर्द-गिर्द लगने वाले जाम में राहत मिलेगी और प्रदूषण में 1 से 3 फीसदी की कमी संभव होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल शुल्क बढ़ाना पर्याप्त नहीं है।

संपादकीय

असल सूरत की गलत व्याख्या

सरकार और रेज़ीम एक ही चीज नहीं हैं। सरकार लोगों का एक समूह है, जिसके पास सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम नियमों की वो व्यवस्था है, जिसके तहत सत्ता पाई जाती है और उसका संचालन होता है।

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त विरोधी वर्तमान आंदोलन 'रेज़ीम चेंज' (शासन–तंत्र में परिवर्तन) के लिए है और इसमें कोई बुराई नहीं है। चूंकि उसके कुछ ही रोज पहले भूषण नेता विपक्ष राहुल गांधी के निवास पर एक बैठक में शामिल हुए थे, इसलिए भाजपा को इस बयान में कांग्रेस को घेरने का मौका नजर आया। यहां तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तक ने इस वक्तव्य को देश में अराजकता फैला कर सत्ता प्राप्त करने की कांग्रेस की कोशिश का प्रमाण बताया। कांग्रेस ने इसका जवाब यह कह कर दिया कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम ही सरकार को बेनकाब करना, विरोध करना और उसे पद से हटाने की कोशिश करना है।

मगर राजनीति–शास्त्र के नजरिए से देखें, तो सरकार और शासन–तंत्र एक ही चीज नहीं हैं। इसके मुताबिक सरकार लोगों का एक खास समूह है, जिसके हाथ में सत्ता होती है। जबकि रेज़ीम (शासन–तंत्र) नियमों की वह व्यवस्था है, जिनके जरिए सत्ता हासिल की जाती है और उसका संचालन किया जाता है। इस अर्थ में देखें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का 2014 में सत्ता में आना रेज़ीम चेंज साबित हुआ है। मोदी तब स्थापित या प्रचलित कायदों के जरिए सत्ता में जरूर आए, लेकिन उनकी सरकार ने सत्ता संचालन की रवायत, संदर्भ बिंदु और अनेक कायदों को बदल डाला है।

एक समझ है यह कि ऐसा कर चुकने के बाद वह सत्ता प्राप्त करने के कायदों को बदलने में जुटी हुई है। धारणा बनी है कि निर्वाचन आयोग इसी मकसद को लागू करने की एजेंसी बन गया है। फिलहाल छिड़ा सियासी आंदोलन इसी शिकायत से उपजा है। अतः ताजा बहस में मुद्दा है कि क्या मोदी विरोधी इस आंदोलन के जरिए पुरानी रवायतों को वापस लाने की बात कर रहे हैं या कोई नई व्यवस्था थोपना चाहते हैं? अगर नई व्यवस्था की बात नहीं है (जैसाकि प्रथम दृष्टि में दिखता है), तो वे असल में रेज़ीम चेंज के बजाय रेज़ीम बहाली की बात कर रहे हैं। इसे अराजकता या संवैधानिक दायरे से बाहर बताना संभवतः असल सूरत की गलत व्याख्या है।

राज्योत्सव पर विशेष आलेख

आधुनिक तकनीक से जीवंत हुईं जनजातीय अमर बलिदानियों की शौर्यगाथाएं

● **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में साकार हुआ जनजातीय स्वाभिमान का भव्य स्मारक**

डॉ.ओम डहरिया । छत्तीसगढ़ की पावन धरा सदियों से त्याग, तपस्या, संघर्ष और स्वाभिमान की साक्षी रही है। यहां के घने जंगलों, पर्वतों और वनांचलों में स्वतंत्रता की ऐसी अनगिनत गाथाएं जन्मीं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाकर रख दी थी। इतिहास के पन्नों में अपेक्षित स्थान नहीं पा सके इन जनजातीय नायकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को अब एक नई पहचान मिली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और जनजातीय कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में नवा रायपुर अटल नगर में निर्मित 'शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' देश में जनजातीय शौर्य, स्वाभिमान और आधुनिक डिजिटल तकनीक के अनूठे संगम के रूप में उभरा है। यह भव्य संग्रहालय केवल ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि उन अमर बलिदानियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का जीवंत प्रतीक है, जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर 1 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भव्य संग्रहालय को राष्ट्र को समर्पित किया था। यह अवसर केवल एक संग्रहालय के लोकार्पण का नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के संकल्प की सार्थक अभिव्यक्ति का था। लगभग 50 से 55 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह अत्याधुनिक संग्रहालय जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को डिजिटल तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली देश की विशिष्ट परियोजनाओं में शामिल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और ऐतिहासिक योगदान को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। यह संग्रहालय उसी सोच का साकार स्वरूप है, जिसमें विकास के साथ अपनी जड़ों, संस्कृति और पुरखों के बलिदान को सहेजने का संकल्प निहित है।

अखंडता का संकल्प: सरदार पटेल और मजबूत भारत का सपना

कता केवल देश की सीमाओं से नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, समान अवसर और सामाजिक सद्भाव से होती है

● **धनंजय राठौर, अशोक कुमार चन्द्रवंशी**



भारत की पहचान उसकी विविधता और एकता में है। यहाँ अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं, अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं का पालन किया जाता है, फिर भी देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने वाली भावना है-राष्ट्रीय एकता। यह एकता केवल देश की सीमाओं की रक्षा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बात से भी जुड़ी है कि हर नागरिक स्वयं को देश के साझा भविष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा महसूस करे।

हर वर्ष 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करने के साथ-साथ आज के भारत में एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की जिम्मेदारी का एहसास कराता है।

सरदार पटेल ने रखी एकीकृत भारत की मजबूत नींव

वर्ष 1947 में देश की स्वतंत्रता के समय भारत के सामने अनेक चुनौतियाँ थीं। अंग्रेजी शासन समाप्त होने के बाद दे-शी रियासतों को भारतीय संघ में शामिल करना एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे समय में देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वी. पी. मेनन और अन्य अधिकारियों के सहयोग से संवाद, समझदारी और दृढ़ नेतृत्व के माध्यम से रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, जिन्होंने 560 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कर देश को एक सूत्र में पिरोया। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को मजबूत करने तथा आंतरिक एवं बाहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत किया।

सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों ने एक मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2014 से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी', राष्ट्रीय एकता की शपथ और विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया जाता है। सरदार पटेल की विरासत हमें सिखाती है कि विभिन्न विचारों, हितों और पहचानों के बीच तालमेल बनाकर ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।

» आज विकास के साथ एकता को मजबूत करना भी जरूरी होगा देश

आज भारत के सामने चुनौती रियासतों को एकजुट करने की नहीं, बल्कि विकास के लाभों को देश के प्रत्येक क्षेत्र और नागरिक तक पहुँचाने की है। सड×क, रेल, बिजली, संचार और डिजिटल सुविधाओं का विस्तार दूरस्थ क्षेत्रों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। इससे लोगों को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और व्यापार के बेहतर अवसर मिल सकते हैं। हालाँकि, केवल बुनियादी ढाँचे का विकास ही राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए यह भी जरूरी है कि विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को विकास के समान अवसर मिलें, सार्वजनिक सेवाएँ सुलभ हों और उनकी आवश्यकताओं को उचित महत्व दिया जाए।

लोकतंत्र की स्थिरता, स्वतंत्रता की रक्षा और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय एकता और एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। जब तक पूरा राष्ट्र एकता की भावना से बंध नहीं जाता, तब तक देश में कोई विकास या आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। इसलिए, राष्ट्रीय एकीकरण को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राष्ट्रीय एकीकरण की रक्षा के लिए हमें एक मजबूत राष्ट्र की आवश्यकता है। अतः जाति, क्षेत्रवाद, धर्म आदि पर केंद्रित संकीर्ण सोच से दूर रहकर हमें विघटनकारी तत्वों का दमन करना चाहिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाएँ लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान देती हैं। जब शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचता है और लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं, तब व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ता है। यही विश्वास राष्ट्रीय एकता की नींव को मजबूत करता है।

» सहकारी संघवाद से मजबूत होगा देश

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड×क, रोजगार, उद्योग और आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मिलकर काम करने से विकास को गति मिलती है। लोकतंत्र में राजनीतिक विचारों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं में अंतर होना स्वाभाविक है। महत्वपूर्ण यह है कि इन मतभेदों का समाधान संवाद, संवैधानिक मूल्यों और आपसी सम्मान के माध्यम से किया जाए। जब विभिन्न सरकारें और संस्थाएँ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जनहित को प्राथमिकता देती हैं, तब राष्ट्रीय एकता और मजबूत होती है। विकास की योजनाओं में स्थानीय जरूरतों का ध्यान रखना भी आवश्यक है, ताकि दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों के नागरिक स्वयं को देश की विकास यात्रा से जुड़ा हुआ महसूस करें।

विविधता का सम्मान ही भारत की असली ताकत

भारत की एकता का अर्थ यह नहीं है कि सभी लोग एक जैसी भाषा बोलें, एक जैसी परंपराएँ अपनाएँ या एक जैसे विचार रखें। भारत की वास्तविक ताकत इस बात में है कि अलग-अलग पहचान और जीवनशैली वाले लोग एक-दूसरे का सम्मान करते हुए साथ रह सकें। डिजिटल संचार के इस दौर में सूचनाएँ तेजी से फैलती हैं। ऐसे में अफवाहों से बचना, किसी भी सूचना की सत्यता जाँचना और जिम्मेदारी के साथ अपनी बात रखना पहले से अधिक जरूरी हो गया है। समाज में अविश्वास और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों के बजाय संवाद, सहयोग और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।

राष्ट्रीय एकता केवल सरकारी कार्यक्रमों या संदेशों से कायम नहीं रह सकती। इसे मजबूत बनाने के लिए नागरिकों के दैनिक व्यवहार में समानता, संवेदनशीलता और परस्पर सम्मान का होना आवश्यक है।

» 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'से बढ़ेगी आपसी समझ

देश की सांस्कृतिक विविधता को समझने और राज्यों के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल शुरू की गई। इसके माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा पारस्परिक समझ को बढ़ावा दिया जाता है। शैक्षणिक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतरराज्यीय यात्राएँ और विभिन्न क्षेत्रों की कला एवं परंपराओं से परिचित कराने वाले आयोजन विशेष रूप से युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित कर सकते हैं। 1 से 15 नवंबर 2026 तक एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर भारत पर्व का आयोजन भी किया जाएगा।

युवा देश का भविष्य हैं। शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा, स्वच्छता और जनजागरूकता जैसे कार्यों में उनकी भागीदारी समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जब युवा क्षेत्रीय और भाषाई भेदभाव से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता देते हैं, तब एक मजबूत और समावेशी भारत का मार्ग प्रशस्त होता है।

» राष्ट्रीय एकता एक निरंतर जिम्मेदारी

राष्ट्रीय एकता दिवस हमें याद दिलाता है कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा कर्तव्य है। देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव, विकास के समान अवसर, सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास भी स्थायी शांति के लिए आवश्यक हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के राजनीतिक एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान दिया। वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह समावेशी विकास, सामाजिक न्याय, आपसी सम्मान और संवैधानिक मूल्यों के माध्यम से इस एकता को और मजबूत बनाए।

आज का राशिफल

मेष राशि

मेष राशि वालों आज किसी भी काम को पूरा करने में जल्दबाजी ना करें, नहीं तो उस काम में कुछ कमियां रह जाएंगी। स्टूडेंट्स का मन पढ़ाई में कम और मोबाइल पर ज्यादा रहेगा। आज आप अपने फिजूल खर्चों पर काबू बनाए रखें। आज कार्यक्षेत्र में वृद्धि के लिए आपके मन में कुछ नए आइडिया आएंगे। संतान पक्ष की ओर से खुशखबरी मिलेगी। सही दिशा में किया गया उचित प्रयास जल्द ही आपको सफलता दिलाएगा। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है।

वृषभ राशिः

वृष राशि वालों आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। पहले से ही किए हुए निवेश का आज आपको फायदा मिलेगा। आज आप किसी खास मित्र की मदद करेंगे। आज आपके कारोबार में बड़ा बदलाव आएगा। लंबे समय से चल रही स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज आप अपनी मेहनत से कठिन से कठिन कार्य को पूरा करने में सफल होंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ समय बिताएंगे, जिससे आपको खुशी का अनुभव होगा। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

मिथुन राशि

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप अपने भविष्य को आगे बढ़ाने की योजनाओं पर ध्यान देंगे। आज के दिन करीबी रिश्तेदार आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। आज घर के बड़ों का सहयोग आपके साथ रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में बढ़ोतरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा। जीवनसाथी की भावनाओं को समझने की कोशिश करेंगे। बच्चों का ज्यादा समय खेलने कूदने में बीतेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आपका समय अच्छा बीतेगा।

कर्क राशिः

कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको अपनी बचत में से कुछ पैसा निकालने की जरूरत पड़ सकती है। आज आप अपने बच्चों को कुछ अच्छा सिखा सकते हैं, जो उनके भविष्य में उन्हें काम आएगा। आज जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते अच्छे बनेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका ज्ञान बढ़ेगा। आज बेकार के कामों में अपना समय खराब न करें।

सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज आप जिस काम को पूरा करने की कोशिश करेंगे, वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी दोस्त से मुलाकात आपको फायदा दिला सकती है। आज परिवार के लोगों के बीच मधुरता बढ़ेगी। आज आप अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए थोड़ा अधिक प्रयास करेंगे, इसमें पिता का सहयोग आपको प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहने वाला है।

कन्या राशिः

कन्या राशि वालों आज कामकाज के बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। दूसरों की सलाह पर ध्यान देंगे, तो वह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। छात्रों को आज शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त होगी। आज आपको ऑफिस के किसी काम से यात्रा करना पड़ेगा। कारोबारियों को आज उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। नवविवाहित दंपत्ति आज परिवार वालों को खुशी की वजह देंगे। आज सेहत संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आप अपने परिवार वालों को नई डिश बनाकर खिला सकते हैं, जिससे आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

तुला राशिः

तुला राशि वालों आज आपके जीवन में कई नए बदलाव आएंगे, जो आपके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होंगे। सोशल मीडिया पर नए लोगों से आपकी दोस्ती होगी। आज समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी, तरक्की के नए अवसर आपके सामने आएंगे। दोस्तों के साथ मिलकर नया व्यापार शुरू करने की सोचेंगे। जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हुए हैं, आज उन्हें अच्छा क्लाइंट मिलेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। आपके धन–धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। छात्रों को आज कहीं से करियर संबंधी शुभ सूचना मिलेगी, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा बनेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, जिससे आपके रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चे माता पिता के साथ पार्क में जाने की जिद करेंगे। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। बच्चों की खिलखिलाहट से घर में पॉजिटिविटी बनी रहेगी।

धनु राशिः

धनु राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर के रुके हुए सभी काम आज आसानी से पूरे होंगे। किसी बात को लेकर आपके मन में उत्सुकता बनी रहेगी। आपकी बातों को लोग गंभीरता से सुनेंगे और उस पर अमल भी करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। आज घर पर धार्मिक कार्यों का आयोजन होगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

मकर राशिः

मकर राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज कार्यों को पूरा होने में कुछ अधिक समय लगेगा। इस राशि के जो लोग ऑनलाइन व्यापार करते हैं, आज उन्हें बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कार्यों को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी पर भरोसा बनाए रखने से रिश्तों में मजबूती आएगी। बच्चे माता से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आएगा। धन लाभ के नए स्रोत नजर आ सकते हैं।

कुंभ राशिः

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। आज कुछ पुराने दोस्तों से फोन पर लंबी बात होगी, जिनके साथ आप अपनी पुरानी यादें भी ताजा करेंगे। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। छात्रों को आज किसी टॉपिक को समझने में सहपाठियों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में निरंतरता बनी रहेगी। छोटे बच्चे आज किसी खिलौने की डिमांड अपने माता पिता से करेंगे। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं। प्राइवेट कर्मचारियों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

मीन राशिः

मीन राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा, जिसमें गुरुओं का सहयोग प्राप्त होगा। आज घर पर थोड़े व्यावहारिक रहने की कोशिश करेंगे, जिससे लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस राशि के जो लोग वकील हैं, उनको नया केस मिलेगा। केमिस्ट की शॉप वाले लोगों को आज अच्छा मुनाफा होगा। आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। भाई बहन के रिश्तों में मजबूती आएगी।

सू- दोकू क्र.203

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू–दोकू क्र.202 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3

शब्द सामर्थ्य -203


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 202 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा	■	म	हा	र	त
क	■	ह	■	■	■	■	ज	न
■	जा	न	की	■	क	म	नी	य
■	■	त	म	क	ना	■	■	■
म	■	■	त	ह	त	■	दा	ब
सी	मा	■	■	ला	■	स	न	द
हा	थ	म	ल	ना	■	वा	■	च
■	■	द	■	■	घा	ल	मे	ल
■	ब	द	ह	वा	स	■	■	न

संक्षिप्त समाचार

राहुल गांधी के 10 लाख का दावे की खुली पोल,ज़्लि सें मुठीभर लोग भी नहीं पहुचे दिल्ली: लक्ष्मी रैला

चमकता राजस्थान दौसा।(दीपक शर्मा बामनवास) भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रैला ने कहा कांग्रेस के 1 नवंबर को दिल्ली चलो अभियान की हवा निकाली,दौसा ज़्लि सें मुठीभर लोग भी नहीं पहुचे दिल्ली। उन्होंने कहा भारता में सत्ता परिवर्तन का एकमात्र संवैधानिक और लोकतांत्रिक रास्ता चुनाव है, लेकिन राहुल गांधी और उनके सहयोगी खुले तौर पर 'रिजीम चेंज' की बात कर रहे हैं।



राहुल गांधी बांग्लादेश के युवाओं से प्रेरणा लेने और वहां हुए सत्ता परिवर्तन का उदाहरण देते हैं। बांग्लादेश में हिंसा के जरिए सत्ता परिवर्तन हुआ और आज वहां हिंदुओं पर अत्याचार तथा हत्याओं की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या कांग्रेस भारत में भी ऐसी परिस्थितियां चाहती है? भारतीय लोकतंत्र हमारी परंपरा और संस्कारों में रचा-बसा है और जनता अपने मताधिकार से सरकार चुनने में सक्षम है।

लक्ष्मी रैला ने कहा देश में अब तक 12 बार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) हो चुका है, जिनमें से 10 बार कांग्रेस के शासनकाल में हुआ। कांग्रेस को आपत्ति नहीं थी,लेकिन अब राजनीतिक हताशा में इसका विरोध किया जा रहा है,एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। कांग्रेस देश की आर्थिक प्रगति को भी निशाना बना रही है, जबकि भारत ने पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2014 में देश में करीब 260 स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब 2.40 लाख से अधिक हो गई है। इनसे 20 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है।

जिला मीडिया प्रभारी प्रेम हरितवाल कहा कि कांग्रेस के हालिया प्रदर्शन से व्यापारियों को करीब 20 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का दावा किया गया है। त्योहारों के समय विरोध-प्रदर्शन कर व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना उचित नहीं है।

मुख्य मंत्री मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ने जिला सूचना कार्यालय का किया निरीक्षण



चमकता राजस्थान देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने शनिवार को जिला सूचना कार्यालय, देहरादून का भ्रमण कर कार्यालय की कार्यप्रणाली, मीडिया प्रतिनिधियों के लिए संचालित सुविधाओं तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष रौतेला ने कहा कि सरकार द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के हित में संचालित विभिन्न सुविधाओं का लाभ सभी प्रेस प्रतिनिधियों को सरलता एवं सुगमता से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें शासन के संज्ञान में लाया जाए,ताकि उनका समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने जिला सूचना कार्यालय को आवंटित बजट एवं संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक दलों के माध्यम से सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई जाए।

भ्रमण के दौरान उपाध्यक्ष ने जिला सूचना कार्यालय के विभिन्न पटलों का भी निरीक्षण किया तथा कार्यालय में कार्यरत स्थायी एवं अस्थायी कार्मिकों से संवाद कर उनके कार्यों,दायित्वों एवं कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी प्रियंका जोशी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों की प्रगति के संबंध में उपाध्यक्ष को विस्तार से अवगत कराया।

राजस्थान की ग्राम पंचायतें बनें तंबाकू मुक्त: स्वस्थ युवा और सशक्त समाज के निर्माण का समय

चमकता राजस्थान

धौलपुर से लेखक : रामदास तरुण

राजस्थान में पंचायती राज चुनावों की तैयारियों और राजनीतिक सरगर्मियों के बीच गांवों के विकास को लेकर नई उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। चुनाव केवल जनप्रतिनिधि चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि गांवों के भविष्य की दिशा तय करने का अवसर भी हैं। ऐसे में जरूरी है, कि ग्राम पंचायतों के विकास एजेंडे में सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा के साथ स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति को भी प्राथमिकता मिले। प्रत्येक ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प स्वस्थ राजस्थान के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। तंबाकू का सेवन आज समाज के सामने गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी और जर्दा जैसे उत्पाद कैंसर, हृदय रोग तथा फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं। इसका दुष्प्रभाव केवल सेवन करने वाले व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को इस लत से बचाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इसी उद्देश्य से ळ ऋछ 4.0 (तंबाकू मुक्त युवा अभियान) के अंतर्गत तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की पहल महत्वपूर्ण है।

● तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के लिए 10 जरूरी कदम

1. सामूहिक संकल्पः ग्राम सभा और चौपाल में सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण नागरिक मिलकर अपनी पंचायत को तंबाकू मुक्त बनाने का संकल्प लें।
2. तंबाकू की बिक्री और सेवन पर रोकथामः गांव में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सेवन को हतोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई हो।
3. युवाओं को नशे से बचानाः रैली, खेल प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को तंबाकू एवं निकोटीन के दुष्परिणामों से अवगत



कराया जाए।
4. स्कूल-कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनानाः सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू मुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए।विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को जागरूकता अभियान से जोड़ा जाए।
5. सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधः पंचायत भवन, चौपाल, बस स्टैंड और सामुदायिक भवन सहित सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमों का पालन कराया जाए तथा सूचना बोर्ड लगाए जाएं।
6. शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में बिक्री बंदः कानून के अनुसार विद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। इसका प्रभावी पालन कराया जाए।
7. नाबालिगों को तंबाकू की बिक्री नहीं: 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों को किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जाएं। दुकानदारों को इसकी जानकारी दी जाए।
8. तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन बंदः गांव में तंबाकू उत्पादों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विज्ञापन, प्रचार सामग्री तथा ब्रांड प्रदर्शन पर कानूनी प्रावधानों के अनुसार रोक सुनिश्चित की जाए।
9. निगरानी समिति का गठनः ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच, शिक्षक, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, युवा और महिला प्रतिनिधियों को शामिल कर समिति बनाई जाए, जो अभियान की नियमित समीक्षा करे।
10. तंबाकू छोड़ने वालों को सहयोगः तंबाकू सेवन करने वाले लोगों को अपमानित करने के बजाय समझाया जाए। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से उन्हें परामर्श और नशामुक्ति सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

● सरपंचों की शपथ में शामिल हो तंबाकू मुक्त पंचायत का संकल्प

राजस्थान सरकार से विशेष मांग है, कि पंचायत चुनावों के बाद नवनिर्वाचित सरपंचों को जब पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाए, उसी अवसर पर उन्हें अपनी ग्राम पंचायत को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई जाए। सरपंच संकल्प लें, कि वे गांव में तंबाकू के सेवन को रोकने, युवाओं को नशे से बचाने, शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त रखने और जनजागरूकता अभियान चलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सरकार इस संकल्प को पंचायत स्तर पर अभियान के रूप में लागू करने की व्यवस्था करे।

● चुनावी संकल्प में शामिल हो तंबाकू मुक्त पंचायत का मुद्दा

राजस्थान में पंचायत चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत के विषय को अपने विकास एजेंडे में शामिल करना चाहिए। मतदाताओं को भी ऐसे जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा रखनी चाहिए, जो गांव के भौतिक विकास के साथ सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें। इस अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। तंबाकू एवं निकोटीन के पूर्ण अंत यानी Tobacco and Nicotine Endgame को केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का संकल्प बनाना होगा।

आइए, इस चुनावी दौर में गांवों के विकास के साथ स्वस्थ समाज का भी संकल्प लें। तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत, स्वस्थ युवा, सशक्त परिवार और समृद्ध राजस्थान ही हमारे विकास की वास्तविक पहचान बने।

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का शुभारंभ, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

मिशन लाइफ के तहत वन मंडल में योग सत्र, मैत्री क्रिकेट मैच, पौधारोपण एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित; प्रथम दिवस लगभग 475 प्रतिभागियों ने लिया भाग

चमकता राजस्थान

सवाई माधोपुर। राज्य सरकार की ओर से मिशन लाइफ के अंतर्गत 1 से 7 नवंबर, 2026 तक आयोजित किए जा रहे ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह का रविवार को शुभारंभ हुआ। सप्ताह के प्रथम दिवस पर सवाई माधोपुर वन मंडल के विभिन्न वन क्षेत्रों, रेंज कार्यालयों, वन नाकों एवं पौधशालाओं में 'स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं' थीम के तहत जागरूकता एवं जनभागीदारी संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर सवाई माधोपुर वन मंडल, रणथम्भौर टाइगर प्रोजेक्ट एवं राजस्थान राज्य



प्रदूषण नियंत्रण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मिशन लाइफ की शपथ लेकर स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

शारीरिक सक्रियता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन भी किया गया। खेल गतिविधियों के माध्यम से नियमित व्यायाम, खेलकूद एवं शारीरिक सक्रियता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न रेंज कार्यालयों, वन नाकों एवं पौधशालाओं में मिशन लाइफ की शपथ, परिसर की साफ-सफाई, पौधारोपण तथा पौधों की देखभाल जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों ने भी शपथ ग्रहण एवं जागरूकता गतिविधियों में सहभागिता की।

● प्रथम दिवस लगभग 475 प्रतिभागियों की सहभागिता

सप्ताह के प्रथम दिवस आयोजित विभिन्न गतिविधियों में लगभग 475 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से अधिकारियों, कार्मिकों एवं आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित आवरण में वृद्धि तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। सवाई माधोपुर वन मंडल की ओर से सप्ताह के आगामी दिनों में भी निर्धारित थीम के अनुरूप जनजागरूकता, जनभागीदारी एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मानटाउन थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कुख्यात स्मैक विक्रेता को स्मैक सप्लाई करने वाला आरोपी बारां से गिरफ्तार



चमकता राजस्थान राकेश अग्रवाल जिला संवाददाता सवाई माधोपुर। मानटाउन थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुख्यात स्मैक विक्रेता को स्मैक सप्लाई करने वाले आरोपी को बारां जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को महज दो दिन में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक सुश्री ज्येष्ठा मैत्रेयी (आईपीएस) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल एवं शहर पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्र कुमार के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।

थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 31 अक्टूबर 2026 को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण संख्या 206/2026 में आरोपी संदीप कुमार (26) पुत्र परमानंद मीना निवासी लाडपुरा, थाना छीपा बड़ौद, जिला बारां को गिरफ्तार किया।

● कुख्यात स्मैक विक्रेता को करता था सप्लाई

पुलिस के अनुसार 30 अक्टूबर 2026 को कुण्डेरा थाना पुलिस ने उलियाणा निवासी जसराम उर्फ झब्बू मीना (35) को अवैध मादक पदार्थ स्मैक के मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान जसराम ने संदीप कुमार से स्मैक लाकर बेचना बताया। इसके बाद मानटाउन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदीप को बारां जिले के लाडपुरा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद-फरोख्त और तस्करी के नेटवर्क को लेकर गहनता से पूछताछ एवं अनुसंधान कर रही है।

पंचायत चुनाव: जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के रवानगी स्थल का किया निरीक्षण

रवानगी से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

ब्यावर। पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत मतदान दलों की रवानगी की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना ने रविवार को सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर स्थित मतदान दलों के रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों की रवानगी से पूर्व



की गई तैयारियों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों की रवानगी के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, उपखंड अधिकारी जयपाल सिंह राठौड़, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

अजमेर के किसानों का सात दिवसीय अंतरराज्यीय भ्रमण दल गुजरात रवाना, उन्नत कृषि तकनीकों का करेंगे अध्ययन

आत्मा योजना के तहत कृषि विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, डेयरी इकाइयों और प्रगतिशील किसानों से सीखेंगे खेती के आधुनिक तरीके

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक ` श्रीनगर, अजमेर अजमेर। कृषि विभाग की आत्मा (ATMA) योजना के अंतर्गत अजमेर जिले के चयनित प्रगतिशील किसानों का सात दिवसीय अंतरराज्यीय कृषक भ्रमण दल रविवार को गुजरात के लिए रवाना हुआ। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा अजमेर संतोष कुमार तंवर तथा उप परियोजना निदेशक पूजा दोताणियाँ ने भ्रमण प्रभारी मुजीबरहमान और सहप्रभारी सुभाष चन्द्र खोजा की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं इससे जुड़े अन्य क्षेत्रों की नवीन तकनीकों, अनुसंधान और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाना है। इसके तहत अजमेर जिले की विभिन्न पंचायत समितियों से चयनित प्रगतिशील किसानों को गुजरात के कृषि विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, कृषि प्रशिक्षण संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि प्रसंस्करण इकाइयों और प्रगतिशील किसानों की गतिविधियों का अवलोकन कराया जाएगा।

● आधुनिक कृषि तकनीकों की मिलेगी जानकारी




सात दिवसीय भ्रमण के दौरान किसान उन्नत बीज किस्मों, जल एवं मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक और कीटनाशी उपयोग, समेकित खेती प्रणाली, जैविक खेती, संरक्षित खेती, उद्यानिकी, डेयरी और पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त करेंगे। भ्रमण से प्राप्त अनुभव किसानों को खेती की उत्पादकता बढ़ाने, संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक होंगे।

● गुजरात के प्रमुख कृषि एवं डेयरी केंद्रों का करेंगे दौरा

कृषक भ्रमण दल गुजरात के दांतीवाड़ा, ऊंझा की जीरा मंडी, मेहसाणा डेयरी, जगुदान, ओखा और जूनागढ़ सहित विभिन्न स्थानों का दौरा करेगा। यहां किसान कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, प्रसंस्करण, डेयरी विकास और उन्नत कृषि गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे।

कृषि विभाग की इस पहल से किसानों को नई तकनीकों को समझने और उन्हें अपने खेतों में अपनाने का अवसर मिलेगा। साथ ही, अन्य राज्यों में अपनाई जा रही सफल कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलने से अजमेर जिले की कृषि व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

आगामी त्योहारों एवं चुनाव को मद्देनजर रखते हुए फ्लेग मार्च निकाला गया



चमकता राजस्थान धरियावद जिला पुलिस कप्तान विशाल जांगिड़ के निर्देश पर धरियावद पुलिस उप अधीक्षक अकुश मीणा के नेतृत्व में सीओ सर्कल के गांव विलकावास धरियावद थाना अधीन मे पुलिस टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों धरियावद थानाधिकारी हजारी लाल मीणा सहित अधिकारी एवं जवानों एवं एम बी सी जाब्ता ने क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील इलाकों में मार्च कर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।

पुलिस का यह फ्लैग मार्च आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने तथा असामाजिक तत्वों को कानून व्यवस्था बनाए रखने की चेतावनी देने के उद्देश्य से किया गया। पुलिस प्रशासन ने आमजन से आगामी त्योहार एवं चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में सहयोग की अपील की।

संक्षिप्त समाचार

रणथम्भौर के लाहपुर क्षेत्र में बाघिन ळ-93 शावक के साथ नजर आई, फ्फफक में बाघों की संख्या बढ़कर 63 हुई



चमकता राजस्थान राकेश अग्रवाल जिला संवाददाता सवाई माधोपुर। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के रणथम्भौर-क क्षेत्र के लाहपुर इलाके में बाघिन ळ-93 अपने एक शावक के साथ विचरण करती हुई नजर आई। बाघिन ळ-93 का यह तीसरा लिटर (प्रसव) है। इस सुखद दृश्य से रणथम्भौर में बाघों के कुनबे में एक और नई पीढ़ी के जुड़ने के संकेत मिले हैं। प्रारंभिक रूप से बाघिन के साथ एक शावक दिखाई दिया है, हालांकि शावकों की वास्तविक संख्या इससे अधिक भी हो सकती है। शावकों की सही संख्या की पुष्टि के लिए वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगाए जा रहे हैं। कैमरा ट्रैप में प्राप्त तस्वीरों के विश्लेषण के बाद ही शावकों की वास्तविक संख्या प्रमाणित की जा सकेगी। बाघिन एवं उसके शावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। फील्ड स्टाफ को विशेष सतर्कता बरतने तथा बाघिन एवं शावकों के प्राकृतिक विचरण में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होने देने के निर्देश दिए गए हैं। बाघिन ळ-93 के साथ शावक की उपस्थिति रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघों के प्रजनन एवं संरक्षण के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत है। इससे रणथम्भौर टाइगर रिजर्व-कमें बाघों की कुल संख्या बढ़कर 63 हो गई है। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण, सतत निगरानी एवं सुरक्षित वन्यजीव प्रबंधन के प्रयास निरंतर जारी हैं।

दून मेडिकल कॉलेज में रशी इज चेंज मेकर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला हुई सम्पन्न





चमकता राजस्थान देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास) राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून में राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय विशेष कार्यशाला रशी इज ए चेंज मेकरश में नगर पालिका परिषद मसूरी की अध्यक्ष मीरा सकलानी के नेतृत्व में महिला सभासदों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर सभासद गीता कुमाई,नीतू चौहान,कु. गौरी थपलियाल एवं कु. शिवानी जैरवान भारती भी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व कौशल को मजबूत करना, निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी बढ़ाना तथा स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना रहा।

इस अवसर पर अध्यक्ष मीरा सकलानी ने कहा कि महिलाएं आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता से नई पहचान बना रही हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला जनप्रतिनिधियों को नई ऊर्जा, ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।

महिला सशक्तिकरण ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव है।

मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हरियाणवी कवि-सम्मेलन आयोजित

4 महाद्वीपों और 7 देशों के 20 कवियों ने की सहभागिता

चमकता राजस्थान

अविनाश शर्मा नारनौल। मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 60वें हरियाणा-दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य वर्चुअल 'वैश्विक हरियाणवी कवि-सम्मेलन' का आयोजन गत शाम किया गया। नारनौल के उद्योग विस्तार अधिकारी डॉ. सुनील भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-गीत के उपरांत चीफ ट्रष्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' के प्रेरक सान्निध्य तथा डॉ. पंकज गौड़ के कुशल संचालन में संपन्न हुए इस कवि-सम्मेलन में भारत, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, नीदरलैंड, स्पेन, डेनमार्क और अमेरिका सहित सात देशों के बीस कवियों ने हरियाणी भाषा में काव्य-पाठ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि तथा ब्रजभाषा साहित्य अकादमी, मथुरा (उत्तर प्रदेश) के निदेशक डॉ. केशवदेव शर्मा ने हरियाणवी को जन-मानस की भाषा बताते हुए कहा कि इसमें हरियाणा की माटी की महक और संस्कृति की मिठास को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मनोज भारत (भिवानी) ने, ट्रस्ट द्वारा हरियाणवी भाषा के विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए, कहा कि हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण हेतु हरियाणवी भाषा और साहित्य का विकास जरूरी है। विशिष्ट अतिथि तथा कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व महानिदेशक राजपाल यादव (गुरुग्राम) ने, हरियाणवी भाषा और संस्कृति के महत्त्व को रेखांकित करते हुए, कहा कि प्रत्येक हरियाणावासी को अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए।

तत्पश्चात आयोजित कवि-सम्मेलन में ऑकलैंड (न्यूजीलैंड) के रोहितकुमार हैप्पी ने 'हरियाणा का मान बढावैं', सिडनी (आस्ट्रेलिया) की डॉ.



भावना कुँअर ने 'माट्टी की म्हैक', आबूधाबी (यूएई) के अवधेश राणा ने 'चौधरी साहब', आसन (नीदरलैंड) की डॉ. ऋचु ननंन पांडे ने 'अनोक्खा हरियाणा', मैड्रिड (स्पेन) की पूजा अनिल ने 'अस्सी बरस', कोपनहेगन (डेनमार्क) की सविता जाखड़ ने 'म्हारा हरियाणा', अमेरिका से सैन डियगो की डॉ. कमला सिंह ने 'हरियाणा की गोरव-गाथा' और कैलिफोर्निया की ओमपति ग्रेवाल ने 'बाळकपण कै खेल' तथा भारत से अलवर के संजय पाठक ने 'माणस हीणा होग्या', गुरुग्राम के राजपाल यादव 'राज' ने 'बीराँ की धरती', सिरसा के बलबीरसिंह वर्मा ने 'बाळक मैं हरियाणे का', भिवानी के डॉ. मनोज भारत ने 'हरियाणवी दोहे' और डॉ. वीएम बेचैन ने 'लुगाई की बैरण लुगाई', सिवानी मंडी की डॉ. प्रियंका सौरभ ने 'साँझ का टेम' और डॉ. सत्यवान सौरभ ने 'चोपाल' तथा नारनौल से डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने 'बेट्टी म्हारी आन', डॉ. पंकज गौड़ ने 'हरियाणा कै माणस' और डॉ. कृष्णा आर्या ने 'हरियाणा कै वासी' शीर्षक रचना का पाठ किया। इससे पूर्व चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' ने हरियाणवी भाषा के स्वरूप और स्थिति पर प्रकाश डाला तथा अपने हरियाणवी दोहे प्रस्तुत किये। उनका एक दोहा देखिये-- रबड़-पिप्पळ कै देस म्हैं, पुज्जित आज कणेर। बुड्ढा बरगद मोन सै, देख्य समै का फेर।।र

उल्लेखनीय है कि लगभग दो घंटों तक चले इस कवि-सम्मेलन में कवियों ने, अपनी कविताओं के माध्यम से, हरियाणा प्रदेश, हरियाणी बोली और हरियाणवी संस्कृति का गौरव-गान कर 'हरियाणा-दिवस' की गरिमा को चार चाँद लगा दिए।

कवि-सम्मेलन में वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) से डॉ. एस अनुकृति, सिडनी (आस्ट्रेलिया) से प्रगीत कुअँर, वार्सीलोना (स्पेन) से सुरेंद्र हरियाणवी, टोरंटो (कनाडा) से हरमहेंद्र यादव और भारत से डॉ. पीए रघुराम (तलश्शेरी), डॉ. संतोषकुमार शर्मा (अलीगढ़), डॉ. (प्रिंसिपल) यश वीर दहिया (रतनगढ़), डॉ. राजेश शर्मा और सुमन भाटी (हिसार), राजपालसिंह गुलिया (झज्जर) तथा ट्रस्टी डॉ. कांता भारती, डॉ. पुष्पलता भारद्वाज, श्रद्धा शर्मा, सरोज कश्यप, कृष्णकुमार शर्मा, एडवोकेट, नीतेश भारद्वाज, एडवोकेट और सुभाष कश्यप (नारनौल) की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

नगर निगम द्वारा वायु प्रदूषण एवं कचरे के पृथक्करण के लिए चलाया जागरूक अभियान

चमकता राजस्थान

देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास) नगर निगम,द्वारा महापौर एवं नगर आयुक्त के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में वायु प्रदूषण की रोकथाम, स्वच्छता तथा कचरे के स्रोत पर पृथक्करण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत नागरिकों को वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने,खुले में कूड़ा न फेंकने, कूड़ा न जलाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान नागरिकों को स्रोत पर



कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करना आवश्यक है।

गीला कचराः रसोई से निकलने वाला जैविक कचरा, फल-सब्जियों के छिलके एवं बचा हुआ भोजन,

सूखा कचराः कागज, प्लास्टिक,धातु, कांच एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री।

घरेलू हानिकारक कचरा,बैटरी, बल्ब,पेंट के डिब्बे, एक्सपायर्ड दवाइयां एवं अन्य हानिकारक घरेलू अपशिष्ट।

नागरिकों से अपील की गई कि वे कचरे को घर से ही अलग-अलग करके नगर निगम के कूड़ा संग्रहण वाहनों को सौंपें, जिससे कचरे का उचित निस्तारण एवं पुनर्चक्रण सुनिश्चित किया जा सके।

इसके अतिरिक्त, वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने,कूड़ा एवं पत्तियां खुले में न जलाने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित गण एवं चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर भी उपस्थित रहे ।

अभियान के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

ग्राम पंचायत धानता में सरपंच चुनाव को लेकर हलचल तेज, चौथी बार चुनावी मैदान में गोमा राम देवासी की पत्नी

चमकता राजस्थान

सांचौर। (संवाददाता महेश दर्जी) ग्राम पंचायत धानता में सरपंच पद के चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पूर्व सरपंच गोमा राम देवासी की पत्नी गोमती देवी इस बार सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में हैं। गोमा राम देवासी पूर्व में तीन बार सरपंच पद की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। ऐसे में यह उनकी चौथी बार चुनाव में दावेदारी मानी जा रही है। चुनाव को लेकर ग्राम



पंचायत धानता सहित बलाना क्षेत्र में भी ग्रामीणों के बीच चर्चाएं देखने को मिल रही हैं। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। समर्थकों और ग्रामीणों ने अपने विचार रखते हुए उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताया।

इस दौरान पूर्व सरपंच गोमा राम देवासी से विशेष बातचीत की गई। बातचीत में उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल, गांव में करवाए गए विकास कार्यों और आगामी समय में गांव के विकास को लेकर अपनी बात रखी। वहीं, ग्रामीणों ने भी चुनाव और गांव के भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए।

चुनावी माहौल के बीच एक समर्थक ने उत्साहपूर्वक कहा कि वे गोमा राम देवासी को 12 बार सरपंच बनाएंगे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने भी आगामी चुनाव में उन्हें दोबारा सरपंच पद पर देखने की बात कही। अब ग्राम पंचायत धानता के चुनाव में ग्रामीणों का रुख क्या रहता है और मतदाता किसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, इसका फैसला चुनाव परिणाम के बाद होगा।

दिवा में पानी की किल्लत के बीच टैंकरों से पानी की आपूर्ति पर सवाल, जल्द बड़े खुलासे का दावा

- **जनता पानी के लिए भटक रही है, फिर टैंकरों में भरने के लिए पानी कहां से आ रहा है? किसका आशीर्वाद? उठ रहे सवाल**



चमकता राजस्थान प्रतिनिधि : अरविंद कोठारी दिवा : दिवा में एक ओर नागरिकों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर टैंकरों में भरकर पानी की आपूर्ति कहां से हो रही है, इसको लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर पानी की उपलब्धता और टैंकरों के जरिए होने वाली आपूर्ति को लेकर चर्चा तेज हो रही है। नागरिकों का सवाल है कि जब कई इलाकों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है और उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, तो टैंकरों में भरने के लिए पानी कहां से उपलब्ध हो रहा है? क्या इस व्यवस्था पर संबंधित प्रशासन की नजर है? यदि पानी की आपूर्ति में कोई अनियमितता है, तो इसकी जांच कौन करेगा? इस मुद्दे पर अब यह भी सवाल उठ रहा है कि टैंकरों को पानी उपलब्ध कराने के पीछे कौन-सी व्यवस्था काम कर रही है और क्या इसके लिए निर्धारित नियमों का पालन किया जा रहा है। हालांकि, इन सवालों पर संबंधित विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है।

- **जल्द बड़े खुलासे का दावा**

दिवा में पानी की समस्या और टैंकरों से होने वाली आपूर्ति को लेकर जल्द ही बड़ा खुलासा करने का दावा किया जा रहा है। अब देखना होगा कि संबंधित प्रशासन इन सवालों पर क्या जवाब देता है और नागरिकों को पानी की समस्या से राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर में एक दिवसीय रोल प्ले सेशन आयोजन

- **सोजत के वकील मध्यस्थों की सहभागिता**



चमकता राजस्थान हितेष भाटी सोजत(जोधपुर),मध्यस्थता एवम् कांसिलिएशन प्रोजेक्ट, नई दिल्ली के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,पाली के निर्देश से और श्रीमती रेखा रानी अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति सोजत के आदेश से राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी, जोधपुर में एक दिवसीय रोल प्ले सेसन का आयोजन हुवा जिसमे पाली, जोधपुर, पीपाड़, बिलाड़ा, बालोतरा, फलोदी, बाड़मेर, मारवाड़ जंकशन के मध्यस्थों के साथ सोजत के आठ अधिवक्ता मध्यस्थों जिसमे सोजत बार एसोशियेशन के पूर्व अध्यक्ष आनंदीलाल भाटी, ताराचंद भाटी, अधिवक्तागण सुरेश कुमार सेन, मुजीबुर्रहमान टाक, नवनीत गहलोत, मनोज कुमार चोहान, अशोक कुमार गहलोत, विक्रमसिह नादावत, नरेन्द्रसिह मारवाड़ जंक्शन ने भाग लिया जहाँ उद्घाटन के प्रारम्भ सत्र में दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम्-गीत के साथ श्री सत्यनारायण व्यास डी.जे.मेट्रो जोधपुर, शिवानीसिह डी.जे.जिला जोधपुर ने उद्बोधन सत्र शुरु किया उनके साथ श्री मनीष अग्रवाल जिला जज ए.सी.डी. नं.1, श्री सिद्धार्थ सान्दु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पाली उपस्थित रहे । मध्यस्थता के रोल प्ले सेसन में सीनियर ट्रेनर के रूप में अर्चना मिश्रा और प्रमिला आचार्य ने मध्यस्थता विषय की आवश्यकता, परिचय,उसकी प्रक्रिया के साथ ही मध्यस्थता अधिनियम 2023 की जानकारी दी और पक्षकारों को आपसी समझाईस से सस्ता और सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की बात दोहराई ।

भुंगरा में टीकमाराम की मौत पर बवाल, गिरफ्तारी की मांग पर मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण

रास्ता रोककर मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का आरोप, नामजद आरोपी फरार; तलाश में जुटीं पुलिस टीमें

चमकता राजस्थान

शेरगढ़। रिपोर्टर रावल सिंह शेरगढ जोधपुर ग्रामीण के शेरगढ़ थाना क्षेत्र के भुंगरा गांव में टीकमाराम की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेक र ग्रामीण शेरगढ़ मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए और थाने का घेराव किया। पुलिस ने मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर नामजद आरोपी पुखाराम भील के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल आरोपी फरार है और उसकी तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

- **मोटरसाइकिल रुकवाकर मारपीट का आरोप**

पुलिस को दी रिपोर्ट में मृतक के पुत्र कालूराम सोनी ने बताया कि 31 अक्टूबर को उनके पिता टीकमाराम घरेलू काम से भुंगरा से तेना गए थे। शाम करीब 5:30 बजे बस स्टैंड से सामान लेकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। शाम करीब 6 बजे भुंगरा से खिरजा जाने वाली सड़क पर पानी की टंकी के पास आरोपी पुखाराम भील ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवा ली।

रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी ने गाली-गलौज कर टीकमाराम के



साथ मारपीट की और धारदार हथियार से हमला किया। जान बचाने के लिए टीकमाराम भागे तो आरोपी ने पीछा कर फिर मारपीट की। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गया।

- **अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित किया**

परिजन टीकमाराम को गंभीर हालत में शेरगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवादी ने रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया कि आरोपी पहले उनके परिवार को धमकियां दे चुका था। पुलिस मामले में पुरानी रंजिश समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

- **गिरफ्तारी की मांग पर ग्रामीणों का धरना**

टीकमराम की मौत के बाद ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग उठाई। ग्रामीण शेरगढ़ मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए और थाने का घेराव किया। उनकी मांग है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

- **पुलिस टीमें तलाश में जुटीं**

शेरगढ़ थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच निरीक्षक खेताराम सियोल को सौंपी है। नामजद आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। उसकी तलाश में पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और मामले की गहनता से जांच जारी है।

आईजीआई हवाई अड्डे पर पांच करोड़ रुपये के सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए गए

नयी दिल्ली: सीमा शुल्क अधिकारियों ने यहां हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री के पास से करीब पांच किलोग्राम संदिग्ध सिंथेटिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं, जिनकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये आंकी गयी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विशेष खुफिया सूचना के आधार पर मनीला से यहां पहुंचने पर सीमा शुल्क की हवाई खुफिया इकाई के अधिकारियों ने यात्री को रोका। बयान में कहा गया है कि यात्री के सामान की जांच करने पर रोजमर्रा के खाद्य उत्पादों के पैकेटों में छिपाकर रखा गया करीब पांच किलोग्राम सामान बरामद हुआ। इसमें एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ होने का संदेह है। प्रारंभिक जांच में सिंथेटिक मादक पदार्थों की मौजूदगी के संकेत मिले। इसके बाद बरामद सामग्री को आगे की जांच और स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत कार्रवाई के लिए जब्त कर लिया गया। बयान के अनुसार, जब्त पदार्थ की अनुमानित बाजार कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

24 मिनट 20 सेकंड में 108 सूर्य नमस्कार का दावा

नयी दिल्ली: राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रविवार को यहां एक कार्यक्रम में 24 मिनट 20 सेकंड में 108 सूर्य नमस्कार कर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स एवं योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने का दावा किया गया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा नवयोग सूर्योदय सेवा समिति के अंतर्गत फिट इंडिया मूवमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'संडे ऑन साइकिल' के अवसर पर योग गुरु डॉ. नवदीप जोशी ने 24 मिनट 20 सेकंड में 108 सूर्य नमस्कार पूरे किए। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। उनकी इस उपलब्धि को एशिया बुक आफ रिकार्ड्स एवं योगासन बुक आफ रिकार्ड्स में दर्ज करने का भी दावा किया गया है। फिट इंडिया के निदेशक सुशांत कंडवाल ने इस उपलब्धि को योग, साधना, अनुशासन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा की शक्ति का उदाहरण बताया।

उत्तराखंड : केदारताल में लापता आठ पर्वतारोहियों की तलाश जारी

देहरादून: उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में केदारताल ट्रेक पर फंसे सात पर्वतारोहियों और एक गाइड के लापता हो जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने उनकी तलाश के लिए रविवार को अभियान शुरू किया। गत 27 अक्टूबर को 13 लोगों का एक समूह (जिसमें सात पर्वतारोही और छह सहायक शामिल थे) गंगोत्री से केदारताल ट्रेक के लिए रवाना हुआ था। समूह को 29 अक्टूबर को वापस आना था, लेकिन खराब मौसम और बर्फबारी के कारण उनका रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिससे वे समय पर नहीं लौट सके। गंगोत्री से एक टीम शुरुआती आकलन के लिए केदारताल क्षेत्र में पहुंची थी। हालांकि, भारी बर्फबारी और खराब मौसम परिस्थितियों के कारण उनके काम में रुकावट आई। ऐसे में एसडीआरएफ ने हेलीकॉप्टर के जरिये इलाके में हवाई सर्वेक्षण करने और तलाश अभियान चलाने का फैसला किया है। अधिकारियों के मुताबिक, लापता लोगों का पता लगाने के लिए एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर पर्वतारोहियों की एक विशेष टीम तैनात की गई है।

मणिपुर में लापता दो युवकों के क्षत-विक्षत शव मिले, प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई

इंफाल: मणिपुर के कांगपोकपी जिले के एक गांव से तीन दिन पहले लापता हुए दो युवकों के क्षत-विक्षत शव रविवार को पड़ोसी सेनापति जिले के पहाड़ी इलाके में पाये गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, दोनों युवकों की तलाश के लिए चलाए गए अभियान के दौरान उनके शव केले के एक बागान में बोरियों में भरे हुए मिले। युवकों की पहचान टी. चोंगलोई (21) और पाओगिनलाल हांगसिंग (20) के रूप में हुई है। वे 29 अक्टूबर को तफू कुकी गांव से लापता हो गए थे। शव मिलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि युवकों का अपहरण कर 'नगा उग्रवादियों' ने उनकी हत्या कर दी। इस घटना के विरोध में कांगपोकपी जिला मुख्यालय में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे लोगों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई



बेंगलुरु: रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की पहली यात्रा को हरी झंडी दिखाई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रेन के शुरू होने से दोनों प्रमुख महानगरों के बीच रात्रिकालीन रेल संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि 16 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) से रवाना हुई। यह ट्रेन सोमवार सुबह 6.15 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और एच डी कुमारस्वामी, राज्य मंत्री वी सोमन्ना और शोभा करंदलाजे तथा सांसद तेजस्वी सूर्या, पी सी मोहन और सी एन मंजूनाथ सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने बताया कि ट्रेन की नियमित सेवाएं मुंबई से बेंगलुरु की दिशा में दो नवंबर से और वापसी तीन नवंबर से शुरू होंगी। रेलवे ने बताया कि बेंगलुरु से मुंबई के बीच ट्रेन संख्या 27652 सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी और यह ट्रेन बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) से शाम 7.45 बजे रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11.55 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। इसके मुताबिक वापसी में ट्रेन संख्या 27651 सीएसएमटी मुंबई से रात 8.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे एसएमवीटी बेंगलुरु पहुंचेगी। यह सेवा मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ''आज वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु को, जो आईटी और स्टार्टअप की राजधानी है, मुंबई से जोड़ेगी, जो देश की आर्थिक राजधानी है।'' उन्होंने कहा, 'मैं इसके लिए सभी सांसदों, मंत्रियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, कर्नाटक के लोगों और रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूं और उनका आभार व्यक्त करता हूं।'

बेंगलुरु-पुणे बुलेट ट्रेन गलियारा अगले चरण में हो सकता है शामिल : वैष्णव

आने वाले वर्षों में 3,000 किलोमीटर के नए हाई-स्पीड रेल गलियारों की होगी घोषणा

बेंगलुरु: केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को संकेत दिया कि प्रस्तावित बेंगलुरु-पुणे बुलेट ट्रेन गलियारे को हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के अगले चरण में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में 3,000 किलोमीटर के अतिरिक्त बुलेट ट्रेन गलियारों की घोषणा की जाएगी।बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस के उद्घाटन कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4,000 किलोमीटर के बुलेट ट्रेन गलियारों को मंजूरी दी है। प्रस्तावित बेंगलुरु-पुणे मार्ग हुबली से होकर गुजरेगा और कर्नाटक के बड़े हिस्से को जोड़ेगा।उन्होंने बताया कि दक्षिणी बुलेट ट्रेन गलियारे को भी प्रधानमंत्री की मंजूरी मिल चुकी है। यह बेंगलुरु, हैदराबाद, अमरावती और चेन्नई को जोड़ेगा। इसके शुरू होने पर बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा महज 73 मिनट और हैदराबाद की यात्रा दो घंटे 10 मिनट में पूरी हो सकेगी।रेल मंत्री ने यह भी घोषणा की कि बेंगलुरु-मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस अगले कुछ हफ्तों में शुरू होगी। इस मार्ग पर विद्युतीकरण और परीक्षण का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में तेज और आधुनिक रेल संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।

हरियाणा की बेटियों ने अपनी उपलब्धियों से देश का नाम रोशन किया: राष्ट्रपति मुर्मू



कुरुक्षेत्र: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि हरियाणा की बेटियों ने खेलों समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। राष्ट्रपति मुर्मू हरियाणा राज्य के गठन के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में आयोजित 'हीरक जयंती' समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने हीरक जयंती के 'लोगो' का भी अनावरण किया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि 1908 में अंबाला (वर्तमान हरियाणा) में जन्मी सुचेता कृपलानी ने भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा की पहली अध्यक्ष रहीं शन्नो देवी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं की अग्रणी भूमिका का एक उदाहरण पेश किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वहीं, हरियाणा की बेटी कल्पना चावला ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयां हासिल कीं और अनगिनत लड़कियों के सपनों को नयी उड़ान दी। अंबाला में जन्मी सुचेता कृपलानी स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थीं। वह भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रही थीं। उन्होंने कहा कि 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान हरियाणा के ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ कस्बों और शहरों के लोगों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया था। उन्होंने कहा कि यहां तक कि छोटी उम्र की लड़कियां भी निडर होकर इन आंदोलनों में हिस्सा लेने के लिए आगे आईं। एक प्रेरणादायक घटना का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ऐतिहासिक अभिलेखों में 1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन में रेवाड़ी की 12 वर्षीय एक बालिका की निडर भागीदारी का उल्लेख मिलता है। उन्होंने राज्य सरकार से इस घटना के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने और इसे समाज के सामने लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक दशक के दौरान हरियाणा ने महिला सशक्तीकरण के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

दिल्ली में राहुल गांधी की रैली सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी: शाह



अमित शाह ने चंडीगढ़ में 258 करोड़ रु की नौ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

चंडीगढ़: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी पर दिल्ली में उनकी रैली ''पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है। वह 258 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के बाद चंडीगढ़ में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, 'एक नवंबर को दिल्ली में राहुल गांधी का 'जलसा' सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।'' शाह ने दंगों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उस दौरान हजारों लोग मारे गए थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में रैली आयोजित करने को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की आलोचना करते हुए कहा, 'जिस दिन सिखों का नरसंहार हुआ था, उसी दिन उन्हें रैली आयोजित करनी थी।' विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन कथित चुनावी अनियमितताओं को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपने अभियान के तहत राष्ट्रीय राजधानी में 'चलो दिल्ली' रैली आयोजित कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे काले दिवस पर रैली आयोजित करने के लिए राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' से नफरत के अलावा कुछ नहीं निकला। शाह ने कहा, 'अगर आप प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं तो पूरी जिंदगी प्रतीकात्मक संसद (मॉक पार्लियामेंट) में ही बैठे रहिए। आपका नंबर कभी नहीं आयेगा।' शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'झूठ बोलना, अराजकता फैलाना और संसद को काम नहीं करने देना, यही आपकी फितरत है।' 'इंडिया' गठबंधन ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक रूप से 'जन महाभियोग' चलाया। गठबंधन ने उन पर चुनाव में धांधली करने के लिए मतदाताओं के नाम हटाने का आरोप लगाया और मांग की कि उन पर देशद्रोह के आरोप में अदालत में मुकदमा चलाकर जेल भेजा जाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नवंबर, 1984 को सिख विरोधी दंगों के दौरान दिल्ली में हजारों सिखों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

एयर मार्शल देसवाल ने ईस्टर्न एयर कमांड के एओसी-इन-सी के तौर पर कार्यभार संभाला



नयी दिल्ली: एयर मार्शल मेहताब सिंह देसवाल ने रविवार को ईस्टर्न एयर कमांड के नए 'एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' (एओसी-इन-सी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वह लड़ाकू विमानों के पायलट हैं और उनके पास अनेक विमानों की 3,200 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वे 'स्ट्राइक एयरक्राफ्ट' (हमला करने वाले विमानों) और 'एयर डिफेंस' (हवाई सुरक्षा) भूमिकाओं के विशेषज्ञ हैं। साथ ही, वह एक योग्य 'पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर' भी हैं। मंत्रालय के अनुसार, उक्त पद संभालने से पहले, वह साउथ वेस्टर्न एयर कमांड में 'सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर' के पद पर तैनात थे। एयर मार्शल देसवाल 14 जून 1989 को भारतीय वायुसेना की उड़ान शाखा में फाइटर पायलट के रूप में शामिल हुए थे। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित किया जा चुका है।

ओडिशा में दो और शव मिलने से चक्रवात 'अर्नब' में जान गंवाने वालों की संख्या छह हुई



भुवनेश्वर/फूलबनी: दक्षिणी ओडिशा के एक गांव में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से हुई भारी बारिश और भूस्खलन के बाद से लापता हुए दो लोगों के शव रविवार को बरामद होने के साथ ही राज्य में तूफान की वजह से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। वहीं, लापता 10 अन्य लोगों की तलाश अब भी जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गंजाम और कंधमाल जिलों की सीमा पर पहाड़ी पर बसा गिदिपाबली गांव में करीब 26 लोग रहते थे और भूस्खलन की वजह से यह गांव अब नक्शे से गायब हो गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में गांव पर भारी मात्रा में कीचड़ और मलबा गिरने की वजह से वहां बने घर पूरी तरह नष्ट हो गए थे। कंधमाल के जिला कलेक्टर वेदभूषण ने बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से बाल-बाल बचे कम से कम 13 लोगों को जी उदयगिरि के पास एक राहत शिविर में ठहराया गया है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में आए चक्रवात के कारण हो रही लगातार बारिश से ओडिशा में भूस्खलन की 10 घटनाएं सामने आई हैं।

उत्तराखंड हेलीकॉप्टर हादसा: सभी छह शव बरामद, ऋषिकेश एम्स भेजे गए

चमोली (उत्तराखंड): उत्तराखंड के जोशीमठ के पास हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए सभी छह लोगों के शव रविवार सुबह बरामद कर लिये गए और उन्हें ऋषिकेश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेज दिया गया। चमोली जिला प्रशासन ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को बदरीनाथ धाम से देहरादून लौटते समय हेलीकॉप्टर जोशीमठ के पास चाई गांव के निकट पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि शवों को सड़क मार्ग से जोशीमठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को हेलीकॉप्टर से एम्स, ऋषिकेश भेज दिया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि दुर्गम और ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाके में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), पुलिस, जिला प्रशासन और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया।

लद्दाख में केसर की खेती का प्रयोग सफल, पहले चार दिनों में 22 ग्राम उत्पादन हुआ : उपराज्यपाल



लेह/जम्मू: लद्दाख में केसर की प्रायोगिक खेती के शुरुआती नतीजे उत्साहजनक रहे हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को कहा कि लेह में हाल में बहाल की गई बंजर भूमि पर फूल खिलने के पहले चार दिनों में करीब 22 ग्राम शुद्ध केसर एकत्र किया गया है। उपराज्यपाल ने कहा कि फूल रिकॉर्ड 30 दिनों में ही खिल गए, जबकि आमतौर पर इसमें करीब दो महीने लगते हैं। यह केंद्र शासित प्रदेश में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कृषि की संभावनाएं तलाशने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस प्रायोगिक केसर खेती परियोजना की शुरुआत दो अक्टूबर को की गई थी। इसका उद्देश्य भारत के ऊंचाई वाले ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर केसर की खेती शुरू करना है। यह पहल क्षेत्र में लिलियम की खेती की सफलता पर आधारित है। इस परियोजना के तहत लद्दाख की ऊंचाई और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल ईरान से लाए गए करीब 90 हजार उच्च गुणवत्ता वाले केसर के कंदों में से लगभग 800 किलोग्राम कंद लेह जिले के स्पितुक फरका में पहले बंजर रही 4,000 वर्ग मीटर भूमि पर लगाए गए। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, लद्दाख के ऊंचाई वाले कृषि क्षेत्र में एक नयी शुरुआत! यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि लेह में हाल ही में बहाल की गई बंजर भूमि पर केसर की प्रायोगिक खेती में फूल खिलने शुरू हो गए हैं। पहली बार फूल खिलने में आमतौर पर लगने वाले दो महीने के मुकाबले रिकॉर्ड 30 दिनों का समय लगा। केसर के फूलों को देखने और खेत का निरीक्षण करने आए सक्सेना ने कहा कि रोजाना औसतन 20 से 25 फूल खिल रहे हैं, जबकि एक दिन सुबह 72 फूल खिले थे। उन्होंने कहा, सिर्फ चार दिनों में करीब 22 ग्राम शुद्ध केसर एकत्र किया गया है।

किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए: वायुसेना प्रमुख दीक्षित



नयी दिल्ली: भारतीय वायुसेना के नवनियुक्त अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने रविवार को कहा कि भारतीय वायुसेना में लड़ाकू स्क्वाड्रन की स्वीकृत संख्या बहाल करना, विमानों और हथियार प्रणालियों के मामले में आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाना तथा तीनों सेनाओं के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताएं होंगी। वायुसेना के 29वें प्रमुख का पदभार संभालने के एक दिन बाद एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने 'वायु' संक्षिप्त नाम के तहत अपने प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की जानकारी दी। उन्होंने इसके जरिये अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया, जिसमें सतर्कता और संचालन संबंधी तैयारी, आत्मनिर्भरता, युक्ति (सामरिक नवाचार) और तीनों सेनाओं के बीच साझा प्रयासों में एकजुटता शामिल हैं। उन्होंने कहा, हमारा सुरक्षा परिदृश्य लगातार चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। इसके अलावा, ड्रोन, लंबी दूरी तक मार करने वाले सटीक हथियारों, अंतरिक्ष, साइबर, कृत्रिम मेधा (एआई) और विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम जैसी नई तकनीकों और प्रणालियों से युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। उन्होंने कहा, अगले दशक में भारत की जरूरतों के अनुरूप खुद को बदलते हुए वायुसेना को हमेशा युद्ध लड़ने और जीतने के लिए तैयार रहना होगा। 'वायु' दृष्टिकोण के चार स्तंभों की व्याख्या करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि स्वीकृत स्तर के अनुरूप भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता बहाल करना भी उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

भाजपा वोट नहीं, लोगों के दिल चुराती है : हिमंत



शिमला: असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हिमंत विश्व शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रविवार को पार्टी द्वारा आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा वोट नहीं चुराती, यह लोगों का दिल चुराती है। उन्होंने कहा, कांग्रेस न केवल ईवीएम पर, बल्कि मतपत्रों से होने वाले चुनाव में भी हार रही है, जैसा कि विभिन्न राज्यों में विधान परिषद सदस्य के हालिया चुनावों में देखा गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा वोट नहीं चुराती, बल्कि वह दिल चुराती है।'' शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू नीत विपक्षी पार्टी की सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता उन्हीं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का विरोध कर रहे हैं, जिनकी मदद से हिमाचल प्रदेश में उनकी सरकार सत्ता में आई थी। असम के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह रायबरेली से अपनी जीत और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी स्थिति को स्पष्ट करें। उन्होंने सुक्खू से भी यह बताने को कहा कि वे किस आधार पर अपने पद पर बने हुए हैं, जबकि उन्हें जो जनादेश मिला है, वह उन्हीं ईवीएम के जरिए प्राप्त हुआ है।

भारत में गरीबी में आई 'ऐतिहासिक' गिरावट : प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया

नयी दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व बैंक की उस रिपोर्ट की सराहना की है, जिसमें कहा गया है कि भारत ने दुनिया में गरीबी में सबसे तेज गिरावट दर्ज करने वाले देशों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। मोदी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें बॉलीवुड फिल्म 'दसवीं' का प्रेरणादायक गीत 'ठान लिया' पृष्ठभूमि में सुनाई दे रहा है। इस पोस्ट में उन्होंने गरीबी में आई 'ऐतिहासिक' गिरावट को देश में अवसरों के विस्तार की दिशा में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के दशकों पुराने 'गरीबी हटाओ' अभियान पर तंज कसते हुए कहा कि गरीबी उन्मूलन उनकी सरकार के लिए महज एक नारा नहीं, बल्कि एक दृढ़ संकल्प रहा है। उन्होंने कहा, विश्व बैंक का कहना है कि भारत ने दुनिया में गरीबी में सबसे तेज गिरावट दर्ज की है।



विश्व बैंक का हवाला देते हुए मोदी ने बताया कि 2011 से 2023 के बीच 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। इस दौरान अत्यधिक गरीबी की दर में 90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह हर चार में से एक से अधिक भारतीय के स्तर से घटकर लगभग 38 में से एक रह गई। उन्होंने कहा, महज छह वर्षों में रोजगार के अवसरों में 13.4 करोड़ की वृद्धि हुई। यह भारत की कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि से लगभग दोगुनी है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि असमानता में काफी कमी आई है। आर्थिक असमानता मापने के प्रमुख पैमाने भारत का गिनी सूचकांक 20 प्रतिशत से अधिक घटकर 23.0 पर आ गया है। 'इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ : अक्टूबर 2026' शीर्षक वाली विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 के 27.1 प्रतिशत से घटकर 2023 में 2.6 प्रतिशत रह गई। ये अनुमान प्रतिदिन 4.20 अमेरिकी डॉलर की निम्न-मध्यम आय वाले देशों की गरीबी सीमा और प्रतिदिन तीन डॉलर की अत्यधिक गरीबी सीमा पर आधारित हैं। इनकी गणना 2021 की क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक दशक में भारत ने मौद्रिक और गैर-मौद्रिक, दोनों पैमानों पर गरीबी कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

भाजपा ने सिख विरोधी दंगों के खिलाफ विरोध मार्च निकाला, कांग्रेस से माफी मांगने की मांग की



नयी दिल्ली: राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में रविवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर में विरोध मार्च निकाला और 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कांग्रेस तथा उसके नेता राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। विरोध मार्च का नेतृत्व करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 1984 में सिखों के खिलाफ हुई हिंसा एक ''सुनियोजित'' नरसंहार था, न कि दंगा या अचानक हुई घटना। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फूलका ने इस मार्च में हिस्सा लिया। इसमें कई सिख नेता भी शामिल हुए। सिख बहुल हरि नगर से तिलक नगर इलाके तक निकाले गये विरोध मार्च में प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस और गांधी के खिलाफ नारेबाजी की तथा 1984 में सिखों की हत्या के लिए उनसे माफी मांगने की मांग की। मार्च से पहले प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पुरी ने 1984 की हिंसा शुरू होने के समय जिनेवा में होने का जिक्र किया और बताया कि किस तरह दिल्ली में रह रहे उनके माता-पिता की उनके हिंदू मित्रों ने रक्षा की थी। पुरी ने कहा, 'आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, हिंसा के दौरान दिल्ली में कुल 2,733 सिखों की निर्मम हत्या की गई थी। अदालतों ने भी इसे सुनियोजित नरसंहार, जनसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध बताया है, न कि अचानक भड़का कोई दंगा। कांग्रेस नेताओं को इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए।'' विरोध प्रदर्शन के दौरान काली पट्टी बांधे दिल्ली की मुख्यमंत्री गुप्ता ने याद किया कि हिंसा के दौरान उनके माता-पिता के घर में एक सिख पड़ोसी ने शरण ली थी।

पंत न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे मुकाबले से भी बाहर

नयी दिल्ली : विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को एहतियात के तौर पर भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच सात नवंबर से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम बहु दिवसीय मुकाबले से भी बाहर कर दिया गया है। इससे वे-लिंगटन में होने वाले पहले टेस्ट में उनकी उपलब्धता को लेकर संशय पैदा हो गया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 19 नवंबर से वे-लिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेला जाएगा। पंत ईरानी कप के दौरान साइड स्ट्रेन (मांसपेशियों में खिचाव) से जूझने के बाद न्यूजीलैंड में भारत ए के शुरुआती दो मुकाबलों से भी बाहर हो गए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, ''ऋषभ पंत को एहतियात के तौर पर न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट से बाहर कर दिया गया है।'' सूत्र ने कहा, ''पंत ने हालांकि ट्रेनिंग शुरू कर दी है और उन्हें अब दर्द भी नहीं है लेकिन प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी की समयसीमा अभी तय नहीं है।'' इस मुकाबले से बाहर होने के कारण पंत को दो मैच की टेस्ट शृंखला से पहले मैदान पर अभ्यास करने का महत्वपूर्ण मौका नहीं मिल सकेगा।

सिंधू और लक्ष्य ने जीते हाइलो ओपन के खिताब, भारत को मिली दोहरी सफलता

सिंधू ने डेनमार्क की लाइन होजमार्क को हराकर सत्र का दूसरा खिताब जीता

लक्ष्य सेन ने जोनाथन क्रिस्टी को दी शिकस्त



सारब्रकेन (जर्मनी) : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे गेम में जीत दर्ज कर भारत को दोहरी सफलता दिलाई। सिंधू ने महिला एकल और लक्ष्य ने पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया।पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने महिला एकल फाइनल में डेनमार्क की लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से हराया। पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 39 मिनट तक चला। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और अपनी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया।जापान ओपन में जुलाई में खिताब जीतने वाली सिंधू का यह मौजूदा सत्र का दूसरा खिताब है। पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में वह उपविजेता रही थीं। इस जीत से उन्होंने सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की अपनी दावेदारी भी मजबूत की। सिंधू ने जीत के बाद कहा कि उनके लिए प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना महत्व-पूर्ण था। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी टीम इस सफलता का श्रेय पाने की हकदार है। खेल में लगातार सुधार और सही फैसले लेना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी उनके खेल में सुधार की गुंजाइश है। इसके बाद लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से पराजित किया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में पूरी तरह दबदबा बनाया और सीधे गेम में मुकाबला जीतकर भारत की झोली में दूसरा खिताब डाल दिया।इस तरह सिंधू और लक्ष्य की शानदार जीत से भारतीय बैडमिंटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली।

सीफर्ट को जीवनदान देना भारत को पड़ा भारी, न्यूजीलैंड ने सात विकेट से जीता आखिरी टी20

भारत ने 3-2 से जीती पांच मैचों की शृंखला



हैमिल्टन : टिम सीफर्ट को शुरुआती ओवरों में जीवनदान देना भारत को महंगा पड़ा। इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 50 गेंदों पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को सात विकेट से हरा दिया। हालांकि, भारत ने शुरुआती तीन मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली।भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (50) और ईशान किशन (61) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 107 रन की शानदार साझेदारी की मदद से आठ विकेट पर 191 रन बनाए। किशन ने 32 गेंदों पर पांच चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 23 गेंदों की पारी में तीन चौके और चार छक्के जड़े।भारत की शुरुआत खराब रही और एडम मिल्ने ने अभिषेक शर्मा तथा संजू सैमसन को जल्दी पवेलियन भेज दिया। हालांकि, किशन और अय्यर ने आक्रामक बल्लेबाजी कर टीम को संभाला। दोनों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। नमन धीर ने 33 और नीतीश कुमार रेड्डी ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से मिल्ने ने चार विकेट लिए, जबकि नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर को दो-दो विकेट मिले।लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी रही। फिन एलन के जल्दी आउट होने के बाद सीफर्ट ने भारतीय गेंदबाजों पर हमला बोल दिया। 13 रन के निजी स्कोर पर नमन धीर ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। सीफर्ट ने इस जीवनदान का फायदा उठाते हुए 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने डेरिल मिचेल के साथ 73 रन की साझेदारी की।सीफर्ट के आउट होने के बाद ग्लेन फिलिप्स ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 38 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। दोनों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में तीन विकेट पर 195 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।फिलिप्स ने इस श्रृंखला में कुल 341 रन बनाए, जो द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है।

कप्तान हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने मलेशिया को 4-2 से दी शिकस्त

भारत की लगातार चौथी जीत, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ सेमीफाइनल में बनाई जगह



जालंधर : कप्तान हरमनप्रीत सिंह की शानदार हैट्रिक की बदौलत पांच बार के चैंपियन भारत ने रविवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में मलेशिया को 4-2 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दक्षिण कोरिया और जापान भी अंतिम चार में पहुंच गए हैं।भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे, 33वें और 58वें मिनट में गोल दागे। उन्होंने दो गोल पेनल्टी कॉर्नर और एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। सुखजीत सिंह ने 43वें मिनट में मैदानी गोल कर टीम की बढ़त को मजबूत किया। मलेशिया की ओर से अखिमुल्लाह अनुआर ने 25वें और शेलो सिल्वरियस ने 60वें मिनट में गोल किए।भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। हरमनप्रीत ने तीसरे मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमले किए, लेकिन मलेशियाई गोलकीपर ने कई अच्छे बचाव किए।दूसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 25वें मिनट में अखिमुल्लाह अनुआर ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। मध्यांतर तक दोनों टीमें बराबरी पर थीं।तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर आक्रामक खेल दिखाया। 33वें मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर अपना दूसरा गोल दागकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। इसके बाद 43वें मिनट में सुखजीत सिंह ने शानदार मैदानी गोल कर बढ़त 3-1 कर दी।मैच के 58वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदलकर अपनी हैट्रिक पूरी की और स्कोर 4-1 कर दिया।

चेन्नई ओपन: 14 वर्षीय जेन्सी ने हारने के बावजूद दिल जीता



चेन्नई : जब वह जूनागढ़ से लगभग 2,000 किलोमीटर की यात्रा करके चेन्नई पहुंचीं, तब उनका नाम मूल क्वालीफाइंग सूची में भी नहीं था, लेकिन 14 वर्षीय जेन्सी कनाबर ने मौका मिलने पर रविवार को यहां डब्ल्यूटीए 250 चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जेन्सी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका फाल्कोव्स्का को तीन सेटों तक कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति के सीधे क्वालीफाइंग ड्रॉ में प्रवेश करने के बाद जेन्सी को देर से वाइल्ड कार्ड मिला था। उन्होंने इस मौके का भरपूर फायदा उठाया। उन्होंने पोलैंड की विश्व रैंकिंग में 287वें नंबर की खिलाड़ी वेरोनिका के खिलाफ दूसरा सेट जीत लिया और निर्णायक सेट में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में 2-6, 7-5, 6-3 से हार गई। जेन्सी ने कहा, ''उनके पास मुझसे ज्यादा अनुभव है, इसलिए वे कुछ अलग कर सकते हैं। वे तेज या धीमी गति से खेल सकते हैं, मैच की स्थिति बदल सकते हैं। मैंने आज यही सीखा।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगली बार मैं निश्चित तौर पर इससे बेहतर प्रदर्शन करूंगी।''

दो बार की एशिया कप विजेता सुनेलिटा टोप्पो एकलव्य पुरस्कार के लिए चयनित

भुवनेश्वर : दो बार की एशिया कप विजेता और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता सुनेलिटा टोप्पो को हॉकी में उनकी उपलब्धियों के लिए रविवार को 34वें एकलव्य पुरस्कार 2026 के लिए चुना गया। उन्नीस वर्षीय सुनेलिटा 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य थीं। आयोजकों की ओर से जारी बयान के अनुसार पुरस्कार के तहत उन्हें सात लाख रुपये नकद और एक ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। हॉकी खिलाड़ी अमनदीप लाकड़ा और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को प्रशस्ति पुरस्कारों के लिए चुना गया है। दोनों खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये नकद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

अहमदाबाद में फिट इंडिया साइकिलिंग कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा



अहमदाबाद : राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अहमदाबाद में आयोजित 'फिट इंडिया- संडेज ऑन साइकिल' कार्यक्रम के 97वें सत्र में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कर्मियों सहित 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता और सामूहिक प्रयास के आदर्शों की भावना के अनुरूप किया गया। पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के गांधीनगर क्षेत्रीय केंद्र ने फिट इंडिया मूवमेंट और माई भारत के सहयोग से वीर सावरकर खेल परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। विज्ञप्ति में कहा गया, ''गुजरात की विभिन्न एनसीसी बटालियनों और इकाइयों के कैडेट एवं जवानों सहित 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। इस पहल के माध्यम से सक्रिय जीवनशैली अपनाने, सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने और स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी को रेखांकित किया गया।'' कार्यक्रम की शुरुआत जुंबा सत्र से हुई। इसके बाद शतरंज, फुटबॉल, लूडो, बैडमिंटन और वॉलीबॉल सहित मनोरंजक एवं खेल गतिविधियां आयोजित की गईं।

व्यापार

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन करेंगे

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भारत नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 का उद्घाटन करेंगे। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार यह चार दिवसीय शिखर सम्मेलन दो से पांच नवंबर, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का मुख्य विषय 'निवेश, नवाचार और प्रेरणा' है। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो नवंबर को शाम करीब साढ़े चार बजे नयी दिल्ली के भारत मंडपम में इस शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 'भारत आरई 2026' में 40 से अधिक मंत्रियों सहित 130 से अधिक देशों के प्रतिभागी, नीति निर्माता, निवेशक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के दिग्गज हिस्सा लेंगे।


अब व्हाट्सऐप पर मिलेगी पीएफ खाते की जानकारी, मांडविया ने शुरू की नई सुविधा

निष्क्रिय पीएफ खातों में 1,000 रुपये तक की राशि का स्वत: होगा निपटान, करीब एक लाख खाताधारकों को मिलेगा लाभ



नयी दिल्ली : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक अब व्हाट्सऐप के जरिये अपने पीएफ खाते की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को ईपीएफओ की विभिन्न सेवाओं को व्हाट्सऐप के माध्यम से उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की। इसके तहत खाताधारक अपने पीएफ खाते में जमा राशि, पिछले पांच लेनदेन और पासबुक का ब्योरा देख सकेंगे।श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफओ की सत्यापित व्हाट्सऐप सेवा के जरिये अंशधारकों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी मिलेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने में भी सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य सेवाओं को मोबाइल फोन पर आसानी से उपलब्ध कराना और लोगों को ईपीएफओ कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है।ईपीएफओ के 74वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मांडविया ने निष्क्रिय पीएफ खातों के पात्र मामलों में स्वत: निपटान की सुविधा भी शुरू की। इसके तहत आधार से सत्यापित ऐसे निष्क्रिय खातों में जमा 1,000 रुपये तक की राशि का भुगतान बिना अलग से दावा आवेदन किए किया जाएगा। ईपीएफओ आवश्यक पहचान और बैंक खाते का सत्यापन करने के बाद खुद ही निपटान की प्रक्रिया शुरू करेगा। मंत्रालय के मुताबिक, इस सुविधा से करीब एक लाख खाताधारकों को लाभ मिलने का अनुमान है। इन खातों में कुल पांच करोड़ रुपये जमा हैं।समारोह में सात प्रकाशनों का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर मांडविया ने कहा कि 74 वर्षों के सफर में ईपीएफओ कामगारों की एक भरोसेमंद संस्था बनकर उभरा है। इसके आठ करोड़ से अधिक सदस्यों के योगदान से 32 लाख करोड़ रुपये का कोष जमा हुआ है।उन्होंने अधिकारियों से संगठन के 75वें वर्ष में प्रवेश से पहले कामगारों की जरूरतों के अनुरूप नई पहल करने, तकनीक अपनाने और सेवाओं में लगातार सुधार करने का आह्वान किया।

भविष्य में क्रूज पर्यटन का आकर्षक बाजार बन सकता है भारत



मुंबई : भारत में क्रूज पर्यटन का बाजार आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छू सकता है। देश की 12,000 किलोमीटर की लंबी समुद्री तटरेखा और लोगों की तेजी से बढ़ती खर्च करने की क्षमता के बीच क्रूज यात्रा भारतीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनकर उभर रही है। उद्योग के एक शीर्ष अधिकारी ने यह राय जताई है। अधिकारी ने कहा कि आज देश की करीब 20 करोड़ आबादी घरेलू क्रूज यात्रा का खर्च आसानी से उठा सकती है। यह संख्या दुनिया के सभी क्रूज जहाजों की कुल यात्री क्षमता का लगभग पांच गुना है। कॉर्डेलिया क्रूज के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जर्गेन बैलोम ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में दावा किया, ''कॉर्डेलिया क्रूज के घरेलू बाजार में आने से पहले हर साल करीब दो लाख भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रूज यात्रा करते थे, जबकि कंपनी अबतक करीब 10 लाख यात्रियों को यात्रा करवा चुकी है।'' उन्होंने कहा, ''13 से 14 प्रतिशत भारतीय आसानी से क्रूज पर्यटन का खर्च उठा सकते हैं। यह आंकड़ा 20 करोड़ बैठता है।'' 'क्रूज लाइन्स इंटरनेशनल एसोसिएशन' (सीएलआईए) के अप्रैल, 2026 में जारी 2025 के वैश्विक क्रूज यात्री आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा दुनिया के शीर्ष पांच क्रूज बाजारों में शामिल हैं। अमेरिका 2.06 करोड़ यात्रियों के साथ सबसे प्रमुख बाजार है। इसके बाद जर्मनी 28 लाख, ब्रिटेन और आयरलैंड 25-25 लाख, ऑस्ट्रेलिया 14.5 लाख और कनाडा 12.7 लाख का स्थान आता है। सीएलआईए की रैंकिंग में हालांकि भारत शीर्ष 10 बाजारों में शामिल नहीं है। बैलोम ने कहा, ''हमारा लक्ष्य 2032 तक भारत को दुनिया के पांच सबसे बड़े क्रूज बाजारों में शामिल करना है।'' बैलोम ने मुंबई तट के पास 'कॉर्डेलिया स्काई' पर संवाददाताओं से कहा कि कंपनी के पास वर्तमान में 'कॉर्डेलिया एम्प्रेस' और 'कॉर्डेलिया स्काई' दो क्रूज हैं। इसके अलावा कंपनी का तीसरा क्रूज 'कॉर्डेलिया सन' के भी जल्द बेड़े में शामिल होने की संभावना है।

इंडियन बैंक का इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग ढांचे के लिए 100 करोड़ रुपये का कर्ज देने का लक्ष्य : एमडी



नयी दिल्ली : देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच इंडियन बैंक ने चालू वित्त वर्ष के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग ढांचे के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा है। सार्वजनिक क्षेत्र का यह बैंक तेजी से बढ़ते हरित परिवहन क्षेत्र के अवसरों का लाभ उठाना चाहता है। बैंक ने इस उद्देश्य से 'इंड ग्रीन चार्ज' नाम से विशेष वित्तपोषण योजना शुरू की है। इसके तहत सार्वजनिक उपयोग, निजी इस्तेमाल और वाहनों के बेड़े के लिए चार्जिंग केंद्र स्थापित करने को कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा स्वतंत्र और फ्रेंचाइजी, दोनों प्रकार के कारोबारी मॉडल के अंतर्गत मिलेगी। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बिनोद कुमार ने पीटीआई-भाषा से कहा कि योजना के तहत अधिकतम 10 करोड़ रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। इसकी अधिकतम अवधि आठ वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि बैंक ने चालू वित्त वर्ष के शेष पांच महीनों के लिए 100 करोड़ रुपये और अगले वित्त वर्ष के लिए 250 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना, रोजगार के नए अवसर पैदा करना और देश में हरित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है। खबरों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश में इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री 29.7 प्रतिशत बढ़कर 26.59 लाख इकाई तक पहुंच गई। वहीं, भारत में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग केंद्रों का बाजार वर्ष 2025 के 6,139 करोड़ रुपये से बढ़कर 2030 तक 21,940 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

देश की बिजली खपत अक्टूबर में 21.88 प्रतिशत बढ़कर 159.76 अरब यूनिट रही


नयी दिल्ली : देश में बिजली की खपत अक्टूबर में सालाना आधार पर 21.88 प्रतिशत बढ़कर 159.76 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। इसकी प्रमुख वजह त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक मांग में वृद्धि के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होना है। देश की कुल बिजली खपत अक्टूबर 2025 में 131.07 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों के अनुसार, त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की मांग बढ़ने के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होने से अक्टूबर में बिजली की खपत बढ़ी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 260.73 गीगावाट (जीडब्ल्यू) हो गई, जो अक्टूबर 2025 में 210.82 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई 2026 में 270.82 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी।

तीन सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को दूसरी तिमाही में 30,106 करोड़ रुपये का मुनाफा



नयी दिल्ली : देश की तीन सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 30,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 68.3 प्रतिशत अधिक है। बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से मिले भंडारण लाभ ने कंपनियों के मुनाफे में अहम योगदान दिया।तीनों कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में संयुक्त रूप से करीब 18,150 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इसके बाद दूसरी तिमाही में उन्होंने शानदार वापसी की। इनमें इंडियन ऑयल का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। कंपनी ने सितंबर तिमाही में अब तक का सर्वाधिक 21,630 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 7,610 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब तीन गुना है।हालांकि, बीपीसीएल और एच-पीसीएल के मुनाफे में गिरावट दर्ज की गई। बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 22.5 प्रतिशत घटकर 4,993 करोड़ रुपये और एचपीसीएल का लाभ नौ प्रतिशत कम होकर 3,483 करोड़ रुपये रह गया। रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार से कंपनियों को फायदा हुआ। सितंबर तिमाही में एचपीसीएल का रिफाइनिंग मार्जिन बढ़कर 32.15 डॉलर प्रति बैरल और बीपीसीएल का 32.53 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतों में अस्थायी गिरावट से इंडियन ऑयल को करीब 7,000 करोड़ रुपये का भंडारण लाभ हुआ। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर रहने और एलपीजी की बिक्री पर बढ़ते नुकसान से कंपनियों की चिंता बनी हुई है।

विमान ईंधन के दाम 1.37 रुपये लीटर बढ़े, वाणिज्यिक सिलेंडर 10 रुपये महंगा हुआ



नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन कीमतों में तेजी के बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने विमान ईंधन (एटीएफ) और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। रविवार से एटीएफ की कीमत में 1.37 रुपये प्रति लीटर और 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में 10 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेट्रोलियम कंपनियों के मुताबिक, दिल्ली में एटीएफ की कीमत 137.12 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 138.50 रुपये प्रति लीटर हो गई है। विमान ईंधन कीमतों में लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले एक अक्टूबर को एटीएफ की कीमत में 16 रुपये प्रति लीटर की बड़ी वृद्धि की गई थी। वहीं, सितंबर में 6.28 रुपये और अगस्त में पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। विमान ईंधन की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत पर दबाव बढ़ेगा। एयरलाइन के कुल परिचालन खर्च में एटीएफ का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत बैठता है। ऐसे में एटीएफ महंगा होने से एयरलाइन कंपनियों के खर्च में और इजाफा होने की आशंका है। इसी तरह, होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत भी 10 रुपये बढ़ाकर 2,820 रुपये कर दी गई है। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे पहले एक अक्टूबर को इसकी कीमत में 62.50 रुपये का इजाफा किया गया था।

लोढ़ा डेवलपर्स गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स में 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से कार्यालय परिसर बनाएगी

नयी दिल्ली : रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स ने दिल्ली-एनसीआर के संपत्ति बाजार में कदम रखते हुए गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर करीब 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से प्रीमियम कार्यालय परिसर विकसित करने की योजना बनाई है। मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी की यह एनसीआर में पहली परियोजना होगी। पिछले साल लोढ़ा डेवलपर्स ने गुरुग्राम में दो परियोजन-ाओं के लिए एमआरजी समूह के साथ संयुक्त विकास करार किया था। इनमें से एक परियोजना वाणिज्यिक और एक आवासीय है। लोढ़ा डेवलपर्स के कार्यकारी निदेशक (वित्त) सुशील मोदी ने बताया कि कंपनी ने हाल में 1.2 एकड़ में फैली अपनी वाणिज्यिक परियोजना 'लोढ़ा पैंथियन' पेश की है। इसमें 27 मंजिलों में कुल चार लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र होगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,100 से 1,200 करोड़ रुपये है।



चालीस साल बाद भी दोस्त को भूले नही पंडित भीमसेन जोशी


राजेंद्र शर्मा

इस किस्से की शुरूआत वर्ष 1993 से करते है । इन्दौर की सांस्कृतिक संस्था सानंद न्यास ने भीमसेन जोशी के गायन का कार्यक्रम रखा। इन्दौर के अभय प्रशाल स्टेडियम में भीमसेन जोशी के गायन का आयोजन हुआ । पुणे से भीमसेन जोशी आये। गायन से पहले भीमसेन जोशी को एकाएक अपने पुराने दोस्त कृष्णराव मुजुमदार की याद शायद इस नाते आ गयी कि 1960 के बाद कृष्णराव मुजुमदार का अन्तिम पडाव इन्दौर ही था । उन्होनें सानंद न्यास के अध्यक्ष सुधाकर काले से कृष्णराव मुजुमदार के बारे में पूछा। बताया कि दो ढाई साल पहले 17 मई 1991 को उनका निधन हो चुका है। भीमसेन जोशी उदास हुए। अपने आप को संभालते हुए अगला सवाल किया कि कृष्णराव मुजुमदार के परिवार के बारे में कुछ जानकारी है आपको। सुधाकर काले ने बताया कि उनकी बेटी कल्पना झोकरकर पिता की विरासत को आगे बढा रही है । पंडित जी ने सिर हिलाया और उस समय बात यही पर समाप्त हो गयी।पंडित भीमसेन जोशी का गायन शुरु हुआ। उस शाम भीमसेन जोशी गले से गा रहे थे पर उनका मन कही ओर अटका था। उनके मन मस्तिष्क में अपने दोस्त कृष्णराव मुजुमदार की मधुर स्मृतियां हिलोरे मार रही थी । कृष्णराव मुजुमदार सिविल इंजीनियर थे और मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद से वर्ष 1969 मे सेवानिवृत्त हुए थे। पेशे से इंजीनियर कृष्णराव शास्त्रीय संगीत के दीवाने। देवास के संगीत सम्राट उस्ताद रजब अली खां साहब के पटशिष्य थे कृष्णराव मजुमदार। दिन भर सरकारी नौकरी करते और शाम होते ही संगीत उनका जीवन। आला दर्जे के दानेदार तान के गायक।

उस दौर के बडे बडे संगीतज्ञ उस्ताद अमीर खां साहब्र, वी जी जोग, कुमार गंधर्व, हीराबाई बडोदकर, पंडित भीमसेन जोशी देवास आते तो कृष्णराव मुजुमदार के यहां ही ठहरते । कृष्णराव की पत्नी पूरे मन से इन दिग्गज कलाकारों के आतिथ्य की कमान संभालती । रात में सुरों की महफिल जमती । इंटरवल होते ही भीमसेन जोशी से रहा नही गया । उन्होनें सुधाकर काले को बुलाकर पूछा कि कृष्णराव मुजुमदार की बेटी कल्पना इन्दौर में कहां रहती है । सुधाकर काले ने बताया कि कल्पना झोकरकर आपको सुनने आई हुई है और श्रोताओं में बैठी हुई है। भीमसेन जोशी ने तुरंत कहा कि बुलाओ कल्पना को बुलाओ। सुधाकर काले ने श्रोताओं में बैठी कल्पना झोकरकर को तुरन्त संदेश भिजवाया कि भीमसेन जोशी उन्हें बुला रहे है । कल्पना हैरान, वह तो भीमसेन जोशी को सीधे सीधे जानती तक नही थी। इतने बडे कलाकार से सामना । सहमी सहमी कल्पना झोकरकर ग्रीन रुम में पहुंची । चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया । भीमसेन जोशी ने गले से लगाकर अपनी स्मृतियों का पोटली खोल दी । बोले कि तुम्हारे पिता जी की याद आ रही है आज । देवास में राधागंज वाले तुम्हारे घर में कई बार गया हू मैं । साल 1953 में तुम्हारे पिता कृष्णराव मुजुमदार अपनी फोर्ड गाडी में बैठाकर मुझे राधागंज (देवास) में अपने आवास में लेकर गये थे । गाडी ड्राइव करने का मुझे बहुत शौक रहा है । रास्ते भर मै सोचता रहा कि तुम्हारे पिता की फोर्ड गाडी को चलाऊ पर उस समय उनसे कह नही पाया । जैसे ही तुम्हारे घर पहुंचे कृष्णराव से गाडी की चाबी लेकर कहा कि भाभी से कहो कि चाय बनायें तब तक मैं राधागंज का एक चक्कर लगाकर आता हू । तुम्हारे पिता रोकते रहें कि थक गये होंगें, चाय नाश्ता कर थोडा आराम कर लो परन्तु मैं कहां मानने वाला था । राधागंज का एक चक्कर लगाकर ही माना था । तुम्हारा तो जन्म भी नही हुआ था उस समय । तुम्हारे पिता कृष्णराव गजब गायक थे । हम तो कम पढे लिक्खे गायक है परन्तु तुम्हारे पिता शिक्षित गायक थे । गजब की दानेदार तानलगाते थे । इतनी दानेदार तान बहुत कम सुनी है मैने ।

इतना कहते कहते जोशी जी की आंखे भर आई थी । कल्पना से पूछा कि पुणे आना होता है कभी ।जी कभी कभी। तो इस बार आना तो घर आना । आना ही चाहिए तुम्हें ,तुम्हारा घर है । इसके बाद तो कल्पना झोकरकर जब भी पुणे जाती पंडित भीमसेन जोशी के घर जरुर जाती।

अपने स्वर्गीय दोस्त की बेटी के आतिथ्य में भीमसेन जोशी और उनकी पत्नी वत्सला जोशी कोई कसर नही छोडते। खूब दुलार खूब सत्कार । कोई औपचारिकता नही । भीमसेन जोशी खाने पीने के बहुत शौकीन थे ।एक बार कल्पना उनसे मिलने गई तो इन्दौर के दाल बाफले खाने की इच्छा जाहिर की । दाल बाफले बनाये गये पर वह इन्दौरी स्वाद नही आया । आता भी कैसे, इन्दौर जैसा दाल बाटी का और मक्का का आटा पुणे में कहां मिलता है । इसके बाद तो कल्पना जब भी पुणे जाती दाल बाटी का और मक्का का आटा पंडित जी के लिए जरुर ले जाती । पंडित जी गदगद । एक बार सक्रांति के दिन कल्पना पंडित जी के घर गयी तो अपने हाथ से तिल और गुड का प्रसाद दिया। महाराष्ट्र में सक्रांति के दिन तिल और गुड के प्रसाद के बारे में कहा जाता है कि आज यह खाओ सारा साल मीठा मीठा बोलो। पंडित भीमसेन जोशी के घर में इतना दुलार मिलने के बाद भी कल्पना ने अपने गायन के बारे में पंडित जी से कभी कोई बात नही की। एक तो इतने महान कलाकार के सामने अपने गायन की बात करने का संकोच, दूसरे कल्पना झोकरकर भी अपने पिता कृष्णराव मुजुमदार जैसा दुलार पाकर आल्हादित हो उठती, पिता पुत्री जैसी अंतरंगता में अपने गायन की बात करने का मनही नही होता।



पुणे में ही किसी संगीत रसिक ने एक बार अपने घर में कल्पना झोकरकर के गायन की बैठकी की । कम श्रोताओं के बीच कल्पना ने गाया। इस बैठकी में वत्सला जोशी की एक सहेली भी थी ,जिसने बैठक की रिकोर्डिंग कर ली। एक दिन उसी सहेली ने वत्सला जोशी को रिकार्ड की गयी वह कैसेट सुनने को दी। वत्सला जोशी ने कैसेट सुनी तो दंग रह गयी । अपने कक्ष से पंडित जी ,जो उस समय बराबर के कमरे में आराम कर रहे थे, से कहा कि सुन रहे हो आप। क्या बढिया गा रही है इन्दौर की कोई लडकी है। पंडित जी भी गायन सुनकर मंत्रमुग्ध। बाद में पता लगा कि अरे यह तो पुराने दोस्त कृष्णराव मुजुमदार की बेटी अपनी कल्पना ही है। पंडित जी ने खूब आर्शीवाद दिया। तीन बार कल्पना को सवई गंधर्व समारोह में गाने का मौका दिया। अपने पत्नी वत्सला जोशी के निधन के उपरांत उनकी स्मृति में शुरु किया गया वत्सला जोशी संगीत स्मृति पुरस्कार का पहला पुरस्कार कल्पना झोकरकर को ही प्रदान किया ।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश स्थापित कर रहा विकास के नए आयाम

राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में राजस्थान का शानदार प्रदर्शन, 12 योजनाओं में देश में प्रथम स्थान

राज्य सरकार जनकल्याण के लिए सभी क्षेत्रों में कर रही प्रतिबद्धता के साथ कार्य : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर, 01 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, मार्गदर्शन और जनकल्याणकारी विजन से प्रेरित होकर राज्य सरकार प्रदेश को विकास, सुशासन, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जनकल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रभावी कार्यशैली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का परिचय देते हुए 12 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रथम, 10 में द्वितीय तथा 8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का सुखद परिणाम है।

» सौर ऊर्जा, कृषि और स्वच्छता के क्षेत्र में राजस्थान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ तथा रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियों के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं, पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए के अंतर्गत अक्षय एवं सौर ऊर्जा की स्थापना तथा कंपोनेंट-सी के अंतर्गत सौरकृत फीडरों की संख्या में भी राज्य ने देश में पहला स्थान हासिल किया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर राजस्थान में 62 हजार 915 स्थलों पर 85 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता दर्ज की गई, जो देश में सर्वाधिक रही। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 में लक्षित इकाइयों के रूपांतरण तथा पोषण पखवाड़ा 2026 की गतिविधियों में भी राजस्थान देशभर में प्रथम स्थान पर रहा है।

फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024 के अंतर्गत देश में आयोजित 10 हजार 443 कार्यक्रमों में से 6 हजार से अधिक कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित हुए। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 हजार 209 शिविरों के माध्यम से 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन प्रदान किए जाने के साथ राजस्थान देश में प्रथम रहा।

» जनजातीय कल्याण, अंगदान और खनन क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान

धरती आबा जनभागीदारी अभियान में राजस्थान



को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के रूप में प्रथम स्थान मिला। वहीं, वर्ष 2025 में अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार और प्रथम स्थान प्राप्त करना भी राज्य के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। साथ ही, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विशेष तंबाकू निषेध पुरस्कार 2026 तथा खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए राजस्थान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

» 10 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में मिला द्वितीय स्थान

राजस्थान ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की फरवरी 2026 की रैंकिंग, पोषण माह 2025 की गतिविधियों, नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाने तथा पीएम विश्वकर्मा योजना में कौशल प्रशिक्षण, ऋण स्वीकृति एवं वितरण जैसे क्षेत्रों में देश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही, वीबी-जी राम जी कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 97 प्रतिशत ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारंभ होने के आधार पर मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना के मई 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रदेश ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की लंबाई के आधार पर और प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में रूफटॉप सोलर के आवेदन, इंस्टॉलेशन, निरीक्षण एवं वेंडर पंजीकरण के क्षेत्र में राजस्थान को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। डेयरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मिलने वाले राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार में राज्य को श्रेष्ठ डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी एवं श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। वहीं, कृषि विभाग को प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस रजत पुरस्कार मिला है।

» 8 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में हासिल किया तृतीय स्थान

प्रदेश ने पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-बी तथा सौरकृत पंपों की संख्या के आधार पर कंपोनेंट सी-एफएलएस में देश में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सक्रिय श्रमिकों की संख्या, सृजित मानव दिवस तथा सक्रिय जॉब कार्ड के आधार पर और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान 2024 में ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने, 100 दिवसीय अभियान, संचार एवं सामाजिक सहभागिता गतिविधियों में राज्य तीसरे स्थान पर रहा। राजस्थान ने नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिएटिव केयर में उत्कृष्ट योगदान, जल संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान के उल्लेखनीय क्रियान्वयन तथा एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकास के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि सुशासन, जनकल्याण और विकास की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचे तथा राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और अधिक मजबूत करें।

भाजपा प्रदेश संयोजक डॉ. राजा साध वैष्णव के पुष्कर आगमन पर स्वागत-अभिनंदन, चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं युवाओं की संयुक्त बैठक आयोजित



चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर पुष्कर। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. राजा साध वैष्णव के तीर्थराज पुष्कर आगमन पर भाजपा युवा नेता एडवोकेट सर्वेश्वर शास्त्री की टीम द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. महेश रायपुरिया, डॉ. कुलदीप शर्मा एवं अखिल भारतीय युवा संघ राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट सुनील कुमार के संयुक्त तत्वावधान में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में चिकित्सा प्रकोष्ठ की संगठनात्मक गतिविधियों, चिकित्सा क्षेत्र में जनसेवा तथा युवाओं की सामाजिक भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही संगठन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाओं एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को पहुंचाने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर रासा सिंह रावत, नितेश केसरपुरा, विश्राम चौधरी, राकेश कुमावत, सुरेश कुमार नागौर, रेखा पाराशर, कमल महावर, प्रेम सिंह रावत, अमित शर्मा, लोकेश, सांवरलाल, योगेश, कमल सिंह रावत एवं गौरव रावत सहित अनेक युवा एवं गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठनात्मक समन्वय एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में राजस्थान कांग्रेस का दमदार प्रदर्शन, दिल्ली पहुंचे दिग्गज नेता

गहलोत, पायलट, डोटासरा और जूली ने भाजपा व चुनाव आयोग को घेरा; संविधान, लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का उठाया मुद्दा

चमकता राजस्थान







नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में राजस्थान कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और विधायक रफीक खान सहित पार्टी के कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

राजस्थान से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दिल्ली पहुंचने के बीच पार्टी नेताओं ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। नेताओं ने लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा को लेकर एकजुट संघर्ष का आह्वान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रैली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी को संकल्पबद्ध होना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए उनकी बसों और गाड़ियों को रोका गया तथा उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया गया।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर से लोग न्याय की मांग और लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली पहुंचे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रैली को जनशक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसकी गूंज आने वाली पीढ़ियों तक सुनाई देगी। वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जनता की भूमिका को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता का सम्मान और उसके अधिकार सबसे महत्वपूर्ण हैं।

रैली में राजस्थान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एकजुट मौजूदगी को पार्टी के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा गया। दूसरी ओर, रैली में शामिल नहीं होने वाले नेताओं की सूची तैयार किए जाने की चर्चा भी सामने आई, जिसे पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाए जाने की बात कही गई।

कुल मिलाकर, दिल्ली की इस रैली के जरिए राजस्थान कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ अपना राजनीतिक रुख स्पष्ट करते हुए लोकतंत्र और मताधिकार के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया।

लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने की कर रही है नौटंकी : डॉ अरूण चतुर्वेदी

चमकता राजस्थान

राहुल गांधी जिन चुनावों को बता रहे है अवैध, उसी आधार पर बने हैं एलओपी, क्या कांग्रेस सरकारें देगी इस्तीफा : डॉ अरूण चतुर्वेदी



जयपुर, 1 नवंबर 2026। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस की रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने की नौटंकी वैसे ही कर रही है, जैसे 100 चूहे खाकर बिल्ली चली हज को। उन्होंने कहा कि यह रैली देश में निराशा जनक माहौल खड़ा करने की कोशिश है, कांग्रेस के पास कोई मुद्दे नहीं है, और जो मुद्दे नहीं है, उन्हें मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। चतुर्वेदी ने कहा कि राहुल गांधी 2024 के जिन चुनावों को अवैध बताकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांग रहे है, वे भूल जाते है कि ज्ञानेश कुमार 2025 में सीईसी बने थे, और 2024 के चुनाव के आधार पर स्वयं राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बनकर बैठे है। यदि चुनाव अवैध है तो राहुल गांधी स्वयं और उनके साथी सभी सांसद ढाई साल से अवैध रूप से सांसद बने हुए है। उन्होंने पूछा कि इसी एसआईआर के बाद उनकी जिन राज्यों में सरकारें बनी है, क्या वे भी अवैध है। क्या उनकी सरकारें इसी आधार पर इस्तीफा देगी ?

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा का दावा करने वाली कांग्रेस को पहले अपने इतिहास का जवाब देना चाहिए। देश में आपातकाल लगाकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया। अटल जी, आडवाणी जी सहित विपक्षी नेताओं को जेल में डाला और प्रेस पर सेंसरशिप लागू की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों के लिए संविधान के अनुच्छेद 356 का बार-बार दुरुपयोग किया और निर्वाचित सरकारों को गिराने का काम किया। 1957 से 67 तक के दशक में 18 बार, 1967 से 71 के चार साल के कार्यकाल में 45 सरकारों को गिराने , करीबन 1800 से अधिक विधायकों के खरीद–फरोख्त करने और 93 बार 356 का दुरुपयोग करने का कांग्रेस का काला इतिहास है। जिस पार्टी का इतिहास लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने से जुड़ा रहा है, उसका आज लोकतंत्र बचाने के नाम पर आंदोलन करना जनता को गुमराह करने जैसा है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। चाहे मजबूत होती अर्थव्यवस्था हो, देश की सुरक्षित सीमाएं हो, आधारभूत संरचनात्मक विकास हो, हर क्षेत्र में आशा और विश्वास के साथ मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। वहीं कांग्रेस निराशा का वातावरण बनाकर देश को अराजकता की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने 1 नवंबर को कांग्रेस द्वारा रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह दिन भारतीय लोकतंत्र के काले अध्यायों में से एक है। जब पूरे सिख समुदाय का नरसंहार करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे थे, आज के दिन रैली आयोजित कर कांग्रेस ने उस समाज के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र बचाने के नाम पर जो आंदोलन कर रही है, उसे देश की जनता अच्छी तरह जानती है और इस नौटंकी का जवाब आने वाले चुनावों में कांग्रेस को मिलेगा।



''स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए किरण प्रिंटर्स प्लॉट नंबर 7 ,देवी नगर विस्तार,न्यू सांगानेर रोड,जयपुर से मुद्रित एवं 1 -ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6, जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000
(पीआईबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी सम्पादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929''